मोटे अनाज:
फसल विज्ञान,
पोषण एवं प्रबंधन

मोटे अनाजः
फसल विज्ञान, पोषण एवं प्रबंधन

लेखक

डॉ अजय कुमार
सहायक आचार्य
पादप संरक्षण विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ

कपिल सैनी
अध्यापक
पादप संरक्षण विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ

प्रकाशक
अनु बुक्स
o दिल्ली o मेरठ o ग्लासगो (यू०के०)
वेबसाइट: www.anubooks.com

मोटे अनाजः फसल विज्ञान, पोषण एवं प्रबंधन

First Published: 2026
ISBN: 978-93-7847-303-6
Book Code: AB357-J226
Price: Rs. 450.00
DOI: 10.31995/Book.AB357-J226

© Author

All rights including copyrights and rights of translation etc. are reserved and vested exclusively with the author. No part of this publication shall be reproduced or transmitted in any form or by any means, including electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise or stored in any retrieval system of any nature without the express permission of the author.

Published by:
Mr. Vishal Mithal
Anu Books
Publishers & Distributors
H.O. GF -1, Navkar Kunj, Saket, Meerut (UP) 0121 -7964594, 8800688996
Branch: Green Park Extension, New Delhi-110016, 9997847837
Glasgow (UK)+447586513591
E-mail: infoanubooks@gmail.com
Printed, Design & Published in India

NAAC A++

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ-250 004 (उ०प्र०)

प्रोफेसर संगीता शुक्ला
डी०एससी०
कुलपति

पत्रांक : एस०वी०सी० / 22 / 23
दिनांक : 08.01.2026

'प्रस्तावना'

मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष हो रहा है कि **"मोटे अनाजः फसल विज्ञान, पोषण एवं प्रबंधन"** नामक पुस्तक अत्यंत प्रासंगिक एवं भविष्य उन्मुख विषय पर पाठकों के समक्ष प्रस्तुत की जा रही है। यह पुस्तक वर्तमान समय की मांग के अनुरूप एक महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी प्रयास है, जो कृषि, पोषण और मानव स्वास्थ्य के क्षेत्र में सार्थक योगदान प्रदान करेगी।

मोटे अनाज भारत की प्राचीन कृषि परंपरा का अभिन्न अंग रहे हैं। बदलते जलवायु परिदृश्य, सीमित प्राकृतिक संसाधनों, बढ़ती जनसंख्या और पोषण असुरक्षा जैसी वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में इनका महत्व आज पुनः स्थापित हो रहा है। मोटे अनाज न केवल कम जल और सीमित संसाधनों में भी सफलतापूर्वक उगाए जा सकते हैं, बल्कि अपने उच्च पोषण मूल्य के कारण मानव स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं।

यह पुस्तक मोटे अनाजों के परिचय, भारत एवं विश्व में उनके ऐतिहासिक विकास, पोषणात्मक महत्त्व तथा मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव जैसे आधारभूत विषयों से प्रारम्भ होकर बाजरा, रागी, कांगनी, सांवा, चना, कुटकी, कोदो, राजगीरा एवं ज्वार जैसे विभिन्न मोटे अनाजों का विस्तृत एवं वैज्ञानिक विवेचन प्रस्तुत करेगी। इसकी सामग्री विशेष रूप से कृषि के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, शोधार्थियों, कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं एवं किसानों के लिए अत्यंत लाभदायक होगी। ऐसी अपेक्षा है कि सरल एवं प्रभावशाली भाषा में प्रस्तुत यह पुस्तक अध्ययन, शिक्षण तथा व्यवहारिक अनुप्रयोग– तीनों दृष्टियों से अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पुस्तक एक उपयोगी संदर्भ ग्रंथ के रूप में स्थापित होगी तथा मोटे अनाजों के प्रचार-प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मैं लेखक को इस उत्कृष्ट कृति के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देती हूँ और आशा करती हूँ कि यह पुस्तक कृषि एवं पोषण के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगी।

Sangeeta

(संगीता शुक्ला)

डॉ0 अजय कुमार
सहायक आचार्य,
पादप संरक्षण विभाग,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

प्रस्तावना

मानव सभ्यता के विकास में कृषि का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। समय के साथ हमारी खाद्य आदतों और कृषि प्रणालियों में अनेक परिवर्तन हुए हैं, जिनके कारण पारंपरिक एवं पोषक फसलों का महत्व कहीं न कहीं कम होता गया। ऐसी ही महत्वपूर्ण फसलें हैं– मोटे अनाज (Millets), जिन्हें कभी "गरीबों का भोजन" कहा जाता था, आज वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इन्हें "सुपरफूड" के रूप में पुनः मान्यता मिल रही है।

मोटे अनाज जैसे बाजरा, ज्वार, रागी, कांगनी, कोदो, कुटकी आदि न केवल पोषण से भरपूर हैं, बल्कि ये जलवायु परिवर्तन के दौर में भी टिकाऊ कृषि का आधार बन सकते हैं। कम पानी, कम उर्वरक और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी इनकी सफल खेती संभव है, जिससे ये छोटे और सीमांत किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं।

इस पुस्तक का उद्देश्य मोटे अनाजों के विभिन्न पहलुओं–उनके इतिहास, पोषण महत्व, कृषि तकनीक, उत्पादन, प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन–को सरल एवं व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत करना है। विशेष रूप से, यह पुस्तक छात्रों, शोधार्थियों, कृषकों तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। इसमें भारत एवं विश्व में मोटे अनाजों के ऐतिहासिक विकास, उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव, और आधुनिक समय में उनकी प्रासंगिकता को विस्तार से समझाया गया है। आज जब कुपोषण, मधुमेह, मोटापा और अन्य जीवनशैली संबंधी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, तब मोटे अनाज एक संतुलित और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प के रूप में सामने आए हैं। सरकार द्वारा भी इन फसलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं, जिससे इनका महत्व और अधिक बढ़ गया है।

मैं आशा करता हूँ कि यह पुस्तक पाठकों को न केवल मोटे अनाजों के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक ज्ञान से समृद्ध करेगी, बल्कि उन्हें इनके उपयोग और प्रसार के लिए प्रेरित भी करेगी।

लेखक

डॉ. अजय कुमार

कपिल सैनी

अनुक्रमणिका

अध्याय–1	मोटे अनाज का परिचय	**1–4**
अध्याय–2	भारत और विश्व में मोटे अनाज का इतिहास	**5–8**
अध्याय–3	पोषक महत्व एवं मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव	**9–12**
अध्याय–4	बाजरा (पर्ल मिलेट)	**13–23**
अध्याय–5	रागी / नाचनी (फिंगेर मिलेट)	**24–37**
अध्याय–6	कांगनी (फ़ॉक्सटेल मिलेट)	**38–51**
अध्याय–7	सांवा (बार्नयार्ड मिलेट)	**52–63**
अध्याय–8	चेना / चिनी (प्रोसो मिलेट)	**64–74**
अध्याय–9	कुटकी (लिटिल मिलेट)	**75–86**
अध्याय–10	कोदो (कोदो मिलेट)	**87–100**
अध्याय–11	छद्म बाजरा (बकव्हीट)	**101–112**
अध्याय–12	राजगीरा / अमरंथ	**113–125**
अध्याय–13	ज्वार (सोरघम)	**126–137**

अध्याय १

मोटे अनाज का परिचय

मोटे अनाज, जिन्हें वर्तमान समय में "श्रीअन्न (Millets)" के नाम से भी जाना जाता है, मानव सभ्यता के सबसे प्राचीन एवं महत्वपूर्ण खाद्य स्त्रोतों में से एक हैं। ये छोटे दाने वाली अनाज फसलें हैं, जो घास कुल (Poaceae) से संबंधित होती हैं तथा विशेष रूप से शुष्क एवं अर्ध–शुष्क जलवायु क्षेत्रों में उगाई जाती हैं। मोटे अनाजों की सबसे प्रमुख विशेषता उनकी अत्यधिक अनुकूलन क्षमता है, जिसके कारण ये अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों जैसे कम वर्षा, उच्च तापमान, कम उपजाऊ मिट्टी एवं सीमित कृषि संसाधनों–में भी सफलतापूर्वक उत्पादन देने में सक्षम होती हैं। इसी कारण इन्हें जलवायु–सहिष्णु (Climate-resilient) फसलों के रूप में विशेष पहचान प्राप्त है। इतिहास के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो मोटे अनाजों का उपयोग मानव द्वारा हजारों वर्षों से किया जा रहा है। पुरातात्विक साक्ष्य दर्शाते हैं कि एशिया और अफ्रीका के विभिन्न क्षेत्रों में इनका उपयोग लगभग 5000 से 7000 वर्ष पूर्व से हो रहा है। भारत में भी सिंधु घाटी सभ्यता के समय से इन फसलों की खेती के प्रमाण प्राप्त हुए हैं। प्राचीन भारतीय कृषि पद्धतियों एवं आहार प्रणाली में मोटे अनाजों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। ज्वार, बाजरा एवं रागी जैसे प्रमुख अनाज न केवल खाद्य सुरक्षा का आधार थे, बल्कि ये ग्रामीण जीवनशैली एवं सांस्कृतिक परंपराओं का भी अभिन्न हिस्सा रहे हैं।

भारत, अफ्रीका तथा एशिया के अनेक देशों में मोटे अनाजों का उपयोग मुख्य खाद्य पदार्थ के रूप में किया जाता रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में ये आज भी दैनिक भोजन का महत्वपूर्ण अंग हैं। इन क्षेत्रों में मोटे अनाज न केवल सुलभ एवं सस्ते होते हैं, बल्कि स्थानीय जलवायु एवं कृषि प्रणाली के अनुरूप भी होते हैं, जिससे इनकी उपयोगिता और अधिक बढ़ जाती है। मोटे अनाजों का महत्व केवल खाद्य के रूप में ही सीमित नहीं है, बल्कि पोषण, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा कृषि अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से भी अत्यंत व्यापक है। वर्तमान समय में जब विश्व जलवायु परिवर्तन, जल संकट, मृदा क्षरण तथा पोषण असंतुलन जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा है, तब मोटे अनाज एक प्रभावी एवं टिकाऊ समाधान के रूप में उभरकर सामने आए हैं। ये फसलें कम जल की

आवश्यकता के कारण जल संरक्षण में सहायक होती हैं तथा रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर कम निर्भरता के कारण पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होती हैं।

कृषि के संदर्भ में मोटे अनाजों की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इनकी खेती के लिए अपेक्षाकृत कम निवेश की आवश्यकता होती है। ये फसलें वर्षा आधारित (Rainfed) क्षेत्रों में भी अच्छी उपज देती हैं, जिससे सीमांत एवं लघु कृषकों के लिए यह अत्यंत लाभकारी सिद्ध होती हैं। इसके अतिरिक्त, इनकी फसल अवधि भी अपेक्षाकृत कम होती है, जिससे किसान कम समय में उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं तथा फसल चक्र (Crop rotation) को भी प्रभावी ढंग से अपनाया जा सकता है। मृदा स्वास्थ्य के संदर्भ में भी मोटे अनाजों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इनकी जड़ प्रणाली गहरी होती है, जो मृदा संरचना को सुधारने तथा पोषक तत्वों के कुशल उपयोग में सहायक होती है। इसके साथ ही, इनकी खेती से मृदा में जैविक पदार्थों की मात्रा में वृद्धि होती है, जिससे दीर्घकालिक रूप से मृदा उर्वरता बनी रहती है।

पोषण की दृष्टि से मोटे अनाज अत्यंत समृद्ध होते हैं, जिसके कारण इन्हें "न्यूट्री–सिरियल्स (Nutri-cereals)" के रूप में भी जाना जाता है। इनमें प्रोटीन, आहार रेशा (डाइटरी फाइबर), आवश्यक अमीनो अम्ल, विटामिन तथा खनिज तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। विशेष रूप से इनमें कैल्शियम, आयरन, जिंक एवं मैग्नीशियम की उच्च मात्रा पाई जाती है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उदाहरण के लिए, रागी में कैल्शियम की मात्रा अत्यधिक होती है, जो हड्डियों एवं दांतों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, जबकि बाजरा आयरन का समृद्ध स्रोत है, जो एनीमिया की रोकथाम में सहायक है। मोटे अनाजों का नियमित सेवन अनेक जीवनशैली संबंधी रोगों के नियंत्रण में भी सहायक माना जाता है। इनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिसके कारण यह मधुमेह के रोगियों के लिए उपयुक्त आहार माना जाता है। इसके अतिरिक्त, उच्च फाइबर की उपस्थिति के कारण यह पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने, मोटापा नियंत्रित करने तथा हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में सहायक होता है।

वर्तमान समय में तेजी से बदलती जीवनशैली, शहरीकरण एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के बढ़ते उपयोग के कारण पोषण संबंधी असंतुलन एवं स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ रही हैं। ऐसे में मोटे अनाजों को "सुपर फूड" के रूप में पुनः लोकप्रियता मिल रही है। अब शहरी क्षेत्रों में भी लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर अपने आहार में मिलेट्स को शामिल कर रहे हैं, जिससे इनकी मांग में निरंतर वृद्धि हो रही है। भारत सरकार द्वारा भी मोटे अनाजों के महत्व को ध्यान में रखते हुए इनके उत्पादन, प्रसंस्करण एवं उपभोग को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएँ

एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। वर्ष 2023 को "अंतरर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष" के रूप में मनाया जाना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, जिससे वैश्विक स्तर पर मोटे अनाजों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इसके परिणामस्वरूप किसानों, उपभोक्ताओं तथा उद्योगों के बीच इनकी स्वीकार्यता में वृद्धि हुई है।

आर्थिक दृष्टि से भी मोटे अनाज अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनकी खेती में कम लागत एवं कम जोखिम होने के कारण यह किसानों के लिए स्थिर आय का स्रोत बन सकती है। इसके अतिरिक्त, मोटे अनाजों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन–जैसे आटा, बिस्कुट, रेडी–टू–ईट उत्पाद आदि–के माध्यम से ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा दिया जा सकता है, जिससे रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होते हैं। अतः उपरोक्त विवेचन से यह स्पष्ट होता है कि मोटे अनाज केवल एक पारंपरिक खाद्य फसल नहीं हैं, बल्कि वर्तमान एवं भविष्य की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए एक सशक्त एवं स्थायी विकल्प हैं। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के संदर्भ में इनका महत्व और भी बढ़ जाता है। इसलिए आवश्यक है कि मोटे अनाजों के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं उपभोग को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि सतत कृषि विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं मानव स्वास्थ्य सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

मोटे अनाजों का महत्व

मोटे अनाजों का महत्व बहुआयामी है, जो कृषि, पोषण, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करता है। वर्तमान समय में इनका महत्व और भी अधिक बढ़ गया है, जिसे निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से समझा जा सकता हैः

कृषि दृष्टिकोण से महत्वः मोटे अनाजों की खेती उन क्षेत्रों में भी संभव है जहाँ अन्य प्रमुख फसलें सफलतापूर्वक नहीं उगाई जा सकतीं। इनकी मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैंः

- कम वर्षा एवं सूखे की स्थिति में भी उत्पादन क्षमता
- उच्च तापमान सहनशीलता
- कम उर्वरक एवं रासायनिक इनपुट की आवश्यकता
- अल्प अवधि में फसल तैयार होना
- वर्शा आधारित कृषि के लिए उपयुक्त

पोषण दृष्टिकोण से महत्वः मोटे अनाज पोषण के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इन्हें "न्यूट्री–सिरियल्स" के रूप में जाना जाता है। इनमें विभिन्न आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैंः

- उच्च मात्रा में प्रोटीन
- पर्याप्त आहार रेशा (डाइटरी फाइबर)
- खनिज तत्व : कैल्शियम, आयरन, जिंक
- विटामिन विशेष रूप से विटामिन B समूह

स्वास्थ्य दृष्टिकोण से महत्वः मोटे अनाज अनेक जीवनशैली संबंधी रोगों के नियंत्रण में सहायक होते हैंः

- मधुमेह नियंत्रण (कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स)
- हृदय रोगों के जोखिम में कमी
- मोटापा नियंत्रण
- पाचन तंत्र को सुदृढ़ बनाना

पर्यावरणीय महत्वः मोटे अनाज पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैंः

- कम जल की आवश्यकता के कारण जल संरक्षण
- कम रासायनिक उपयोग से मृदा एवं पर्यावरण की रक्षा
- जैव विविधता का संरक्षण
- सतत कृषि प्रणाली को बढ़ावा

आर्थिक महत्वः मोटे अनाज लघु एवं सीमांत किसानों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी हैंः

- कम लागत में उत्पादन
- कम जोखिम वाली फसल
- स्थिर आय का स्रोत
- मूल्य संवर्धन के माध्यम से अतिरिक्त लाभ

सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्वः मोटे अनाज भारतीय परंपरा एवं संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में इनसे जुड़े पारंपरिक व्यंजन एवं खाद्य आदतें आज भी प्रचलित हैं। इनका उपयोग न केवल पोषण के लिए, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण है।

अध्याय २

भारत और विश्व में मोटे अनाज का इतिहास

मोटे अनाज (Millets) का इतिहास मानव सभ्यता के विकास के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। ये फसलें न केवल प्रारंभिक कृषि प्रणाली का आधार रही हैं, बल्कि इन्होंने मानव के खान–पान, सांस्कृतिक विकास, पर्यावरणीय अनुकूलन एवं आर्थिक संरचना को भी प्रभावित किया है। विश्व के विभिन्न भागों में इनका स्वतंत्र रूप से वशीकरण (Domestication) होना इस बात का प्रमाण है कि ये फसलें मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अत्यंत उपयुक्त थीं।

1 भारत में मोटे अनाज का इतिहास

1.1 प्राचीन काल (लगभग 3000 ई.पू.–1000 ई.पू.)

भारत में मोटे अनाजों का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। पुरातात्विक प्रमाणों के अनुसार, सिंधु घाटी सभ्यता (लगभग 2600–1900 ई.पू.) में मोटे अनाजों की खेती की जाती थी। हरप्पा, मोहनजोदड़ो एवं लोथल जैसे स्थलों से प्राप्त अवशेषों में ज्वार एवं बाजरा के दानों के प्रमाण मिले हैं, जो इस बात का संकेत देते हैं कि उस समय ये फसलें मानव आहार का महत्वपूर्ण भाग थीं।

इसके पश्चात वैदिक काल (1500–600 ई.पू.) में भी कृषि प्रणाली का मुख्य आधार वर्षा पर निर्भर था। इस काल में मोटे अनाजों का उपयोग व्यापक रूप से किया जाता था, क्योंकि ये कम जल एवं सीमित संसाधनों में भी उगाए जा सकते थे। ग्रामीण समुदायों में इनका उपयोग दैनिक भोजन के रूप में होता था तथा ये स्थानीय खाद्य परंपराओं का अभिन्न अंग बने रहे।

1.2 उत्तर प्राचीन एवं मध्यकालीन काल (600 ई.पू.–1700 ई.)

इस काल में मोटे अनाजों का उपयोग भारतीय उपमहाद्वीप में और अधिक व्यापक हो गया। विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों जैसे दक्कन का पठार, राजस्थान का शुष्क क्षेत्र तथा मध्य भारत–में इनकी खेती स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विकसित हुई।

मौर्य काल (322–185 ई.पू.) एवं गुप्त काल (320–550 ई.) के दौरान कृषि प्रणाली का विस्तार हुआ, जिसमें मोटे अनाजों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस समय इन फसलों का उपयोग केवल खाद्य के रूप में ही नहीं, बल्कि पशु आहार एवं अन्य उपयोगों के लिए भी किया जाता था।

मध्यकाल (1200–1700 ई.) में मोटे अनाज ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बने रहे। इस काल में पारंपरिक कृषि ज्ञान एवं स्थानीय बीजों का संरक्षण हुआ, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में मोटे अनाजों की अनेक देशी किस्में विकसित हुईं। सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी इनका विशेष महत्व था त्योहारों एवं पारंपरिक व्यंजनों में इनका व्यापक उपयोग होता था।

1.3 औपनिवेशिक काल (1757–1947 ई.)

औपनिवेशिक काल में भारतीय कृषि प्रणाली में बड़े बदलाव आए। ब्रिटिश शासन के दौरान नकदी फसलों जैसे कपास, नील एवं गन्ना को प्राथमिकता दी गई। इसके परिणामस्वरूप पारंपरिक खाद्य फसलों, विशेषकर मोटे अनाजों का क्षेत्रफल घटने लगा।

19वीं शताब्दी (1800–1900 ई.) के दौरान कई क्षेत्रों में खाद्य संकट उत्पन्न हुआ, क्योंकि कृषि उत्पादन नकदी फसलों की ओर अधिक केंद्रित हो गया था। फिर भी, शुष्क एवं अर्ध–शुष्क क्षेत्रों में मोटे अनाजों का महत्व बना रहा, क्योंकि ये कठिन परिस्थितियों में भी उत्पादन देते थे।

1.4 स्वतंत्रता पश्चात एवं हरित क्रांति काल (1947–1990 ई.)

स्वतंत्रता के बाद भारत में खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई। 1960 के दशक में हरित क्रांति (1965–1975 ई.) के तहत गेहूँ एवं धान की उच्च उत्पादक किस्मों को बढ़ावा मिला।

इसका प्रभाव मोटे अनाजों पर स्पष्ट रूप से देखा गयाः

- इनके क्षेत्रफल में उल्लेखनीय कमी आई
- उत्पादन एवं उत्पादकता में गिरावट हुई
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) में इनकी उपेक्षा हुई

सरकारी नीतियाँ मुख्यतः गेहूँ एवं चावल पर केंद्रित हो गईं, जिससे मोटे अनाजों का पारंपरिक महत्व धीरे–धीरे कम हो गया।

1.5 आधुनिक काल एवं पुनरुत्थान (2000 ई. के बाद)

21वीं सदी के प्रारंभ (2000 ई. के बाद) में मोटे अनाजों का महत्व पुनः बढ़ने लगा। इसके प्रमुख कारण हैंः

- स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति बढ़ती जागरूकता
- जलवायु परिवर्तन एवं जल संकट
- सतत कृषि की आवश्यकता

भारत सरकार ने वर्ष 2018 में मोटे अनाजों को Nutri-Cereals के रूप में मान्यता दी। इसके पश्चात इनके उत्पादन एवं उपभोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएँ प्रारंभ की गईं।

2 विश्व में मोटे अनाज का इतिहास

2.1 उत्पत्ति एवं प्रारंभिक विकास (7000 ई.पू.–2000 ई.पू.)

विश्व स्तर पर मोटे अनाजों का वशीकरण लगभग 5000–7000 वर्ष पूर्व हुआ। अफ्रीका को इनका प्रमुख उत्पत्ति केंद्र माना जाता हैः

- ज्वार – पूर्वोत्तर अफ्रीका (3000–2000 ई.पू.)
- बाजरा – पश्चिमी अफ्रीका (2500–2000 ई.पू.)

एशिया, विशेषकर चीन मेंः

- कंगनी – लगभग 4000 ई.पू.
- चेना – लगभग 3000 ई.पू.

इन फसलों का विकास स्थानीय जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप हुआ, जिससे ये अत्यधिक सहनशील बन गईं।

2.2 प्राचीन एवं मध्यकालीन विश्व (2000 ई.पू.–1700 ई.)

प्राचीन काल में मोटे अनाजों का उपयोग एशिया, अफ्रीका एवं यूरोप के विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता था। चीन में इन्हें प्रमुख खाद्य फसलों में स्थान प्राप्त था।

मध्यकाल में व्यापार मार्गों विशेषकर सिल्क रूट के माध्यम से इनका प्रसार विभिन्न क्षेत्रों में हुआ। अरब व्यापारियों ने इन फसलों को एशिया से यूरोप एवं अफ्रीका के अन्य भागों तक पहुँचाया।

इस काल में मोटे अनाज उन क्षेत्रों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहे जहाँ जलवायु कठोर थी तथा अन्य फसलें उगाना कठिन था।

2.3 औद्योगिक एवं आधुनिक काल (1700 ई.–वर्तमान)

औद्योगिक क्रांति (18वीं–19वीं शताब्दी) के बाद कृषि प्रणाली में बड़े बदलाव आए। विकसित देशों में उच्च उत्पादकता वाली फसलों–जैसे गेहूँ एवं मक्का–को प्राथमिकता दी गई, जिससे मोटे अनाजों का महत्व कम हो गया।

हालांकि, अफ्रीका एवं एशिया के विकासशील देशों में ये फसलें खाद्य सुरक्षा का आधार बनी रहीं।

21वीं सदी में मोटे अनाजों का पुनरुत्थान हुआः

- वर्ष 2013–2020 के बीच वैश्विक स्तर पर "Smart Food" की अवधारणा विकसित हुई।
- वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा "International Year of Millets" घोषित किया गया।

इस पहल का उद्देश्य मोटे अनाजों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इनके उत्पादन एवं उपभोग को प्रोत्साहित करना था।

भारत एवं विश्व के संदर्भ में मोटे अनाजों का इतिहास यह स्पष्ट करता है कि ये फसलें मानव सभ्यता के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण रही हैं। प्राचीन काल में ये खाद्य सुरक्षा का आधार थीं, मध्यकाल में इन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया, और आधुनिक काल में पुनः इनके महत्व को स्वीकार किया जा रहा है। हरित क्रांति के दौरान इनका महत्व कुछ हद तक कम हुआ, किंतु वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, पोषण असंतुलन एवं सतत कृषि की आवश्यकता के कारण मोटे अनाजों का पुनरुत्थान हो रहा है। अतः यह स्पष्ट है कि मोटे अनाज न केवल अतीत की धरोहर हैं, बल्कि भविष्य की कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के लिए एक सशक्त आधार भी हैं।

अध्याय 3

पोषक महत्व एवं मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव

3.1 प्रस्तावना

मोटे अनाज, जिन्हें वर्तमान में "श्रीअन्न" के रूप में पुनः स्थापित किया गया है, पोषण एवं स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण खाद्य समूह के अंतर्गत आते हैं। प्राचीन समय में ये मानव आहार का प्रमुख अंग थे, किंतु आधुनिक कृषि एवं खाद्य प्रणाली के विकास के साथ इनका महत्व कुछ हद तक कम हो गया। वर्तमान में बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों, कुपोषण, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी एवं असंतुलित आहार की समस्या के कारण इनका महत्व पुनः स्थापित हो रहा है। मोटे अनाजों में पाए जाने वाले पोषक तत्व न केवल ऊर्जा प्रदान करते हैं, बल्कि शरीर की विभिन्न जैव–रासायनिक क्रियाओं, हार्मोन संतुलन, कोशिका निर्माण एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने में भी सहायक होते हैं। ये अनाज विशेष रूप से उन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण हैं जहाँ संतुलित आहार की उपलब्धता सीमित है।

3.2 मोटे अनाजों का पोषक संघटन

मोटे अनाजों का पोषक संघटन अत्यंत संतुलित एवं समृद्ध होता है। इनमें प्रमुख रूप से कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, आहार रेशा, विटामिन, खनिज तत्व तथा जैव सक्रिय यौगिक पाए जाते हैं।

3.2.1 मैक्रोन्यूट्रिएंट्स (Macronutrients)

(क) कार्बोहाइड्रेट एवं ऊर्जा आपूर्तिः मोटे अनाजों में लगभग 60–75% तक कार्बोहाइड्रेट पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए प्रमुख ऊर्जा स्रोत होते हैं। इनका कार्बोहाइड्रेट मुख्यतः जटिल रूप में होता है, जिससे यह धीरे–धीरे पचता है और रक्त में ग्लूकोज का स्तर नियंत्रित रहता है। यह विशेषता इन्हें मधुमेह रोगियों के लिए उपयुक्त बनाती है।

(ख) प्रोटीन एवं अमीनो अम्लः मोटे अनाजों में 7–12% तक प्रोटीन पाया जाता है। यद्यपि इनमें लाइसिन (Lysine) की मात्रा अपेक्षाकृत कम होती है, किंतु मेथियोनिन (Methionine) जैसे आवश्यक अमीनो अम्ल उपस्थित होते हैं, जो अन्य

अनाजों में सीमित मात्रा में पाए जाते हैं। दालों के साथ इनका संयोजन करने पर यह संतुलित प्रोटीन प्रदान करते हैं।

(ग) वसा (Lipid): मोटे अनाजों में वसा की मात्रा सामान्यतः 1.5–5% के बीच होती है। इनमें उपस्थित असंतृप्त वसीय अम्ल (Unsaturated Fatty Acid) हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं।

3.2.2 सूक्ष्म पोषक तत्व

(क) खनिज तत्व

मोटे अनाज खनिज तत्वों के उत्कृष्ट स्रोत हैं:

- कैल्शियम – रागी में अत्यधिक (300–350 mg/100g तक)
- आयरन – बाजरा एवं कोदो में प्रचुर
- जिंक – प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए आवश्यक
- मैग्नीशियम – मांसपेशियों एवं तंत्रिका तंत्र के लिए महत्वपूर्ण
- फॉस्फोरस – हड्डियों एवं कोशिकीय ऊर्जा के लिए आवश्यक

(ख) विटामिन

मोटे अनाज विशेष रूप से विटामिन B–समूह के अच्छे स्रोत हैं:

- थायमिन (B1) – ऊर्जा चयापचय में सहायक
- राइबोफ्लेविन (B2) – कोशिकीय कार्यों में महत्वपूर्ण
- नियासिन (B3) – पाचन एवं तंत्रिका तंत्र के लिए आवश्यक

3.2.3 आहार रेशा एवं पाचन स्वास्थ्य

मोटे अनाजों में 8–15% तक आहार रेशा पाया जाता है, जो अन्य अनाजों की तुलना में अधिक है। यह रेशा दो प्रकार का होता है:

- घुलनशील
- अघुलनशील

यह पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने, कब्ज को रोकने तथा आंतों के स्वास्थ्य को सुधारने में सहायक होता है।

3.2.4 फाइटोकेमिकल्स एवं एंटीऑक्सीडेंट्स

मोटे अनाजों में निम्नलिखित जैव सक्रिय यौगिक पाए जाते हैं:

- फेनोलिक यौगिक

- फ्लेवोनॉयड्स
- टैनिन

ये यौगिक शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करते हैं तथा कोशिकाओं को क्षति से बचाते हैं।

3.3 विभिन्न मोटे अनाजों का तुलनात्मक पोषण मूल्य

विभिन्न मिलेट्स का पोशण स्तर भिन्न होता हैः

- रागी – कैल्शियम का सर्वोत्तम स्रोत
- बाजरा – आयरन एवं ऊर्जा से भरपूर
- ज्वार – उच्च फाइबर एवं एंटीऑक्सीडेंट्स
- कोदो एवं कुटकी – कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स

यह विविधता इन्हें संतुलित आहार के लिए आदर्श बनाती है।

3.4 मानव स्वास्थ्य पर मोटे अनाजों का प्रभाव

3.4.1 मधुमेह नियंत्रणः मोटे अनाजों का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे यह रक्त शर्करा के स्तर को धीरे–धीरे बढ़ाते हैं। यह इंसुलिन संवेदनशीलता को सुधारने में सहायक होते हैं।

3.4.2 हृदय रोगः फाइबर एवं एंटीऑक्सीडेंट्स की उपस्थिति LDL (खराब कोलेस्ट्रॉल) को कम करने में सहायक होती है, जिससे हृदय रोगों का जोखिम कम होता है।

3.4.3 पाचन तंत्रः उच्च रेशा आंतों की गतिशीलता को बढ़ाता है तथा आंतों के माइक्रोबायोटा को संतुलित करता है।

3.4.4 मोटापा एवं वजन नियंत्रणः मोटे अनाजों का सेवन तृप्ति बढ़ाता है, जिससे कैलोरी सेवन कम होता है और वजन नियंत्रण में सहायता मिलती है।

3.4.5 हड्डियों एवं दंत स्वास्थ्यः रागी में उच्च कैल्शियम होने के कारण यह बच्चों, महिलाओं एवं वृद्धों के लिए अत्यंत लाभकारी है।

3.4.6 कैंसर विरोधी संभावनाएँः मोटे अनाजों में उपस्थित एंटीऑक्सीडेंट्स कोशिकाओं में होने वाले DNA क्षरण को कम कर सकते हैं, जिससे कैंसर के जोखिम में कमी आ सकती है।

3.4.7 रोग प्रतिरोधक क्षमताः जिंक, आयरन एवं फाइटोकेमिकल्स शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं।

3.5 जीवनशैली रोगों में भूमिकाः वर्तमान समय में मोटे अनाज निम्न रोगों के नियंत्रण में सहायक हैंः

- मधुमेह
- उच्च रक्तचाप
- हृदय रोग
- मोटापा
- पाचन विकार

3.6 पोषण सुरक्षा एवं जन स्वास्थ्य में योगदानः मोटे अनाज विशेष रूप से निम्न समूहों के लिए उपयोगी हैंः

- बच्चे (Child Nutrition)
- गर्भवती महिलाएँ
- वृद्ध व्यक्ति
- कुपोषित जनसंख्या

ये कुपोषण एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने में सहायक हैं।

मोटे अनाज पोषण, स्वास्थ्य एवं सतत जीवनशैली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ये न केवल ऊर्जा प्रदान करते हैं, बल्कि शरीर के समुचित विकास, रोगों की रोकथाम एवं दीर्घकालिक स्वास्थ्य संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्तमान समय में बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के रूप में मोटे अनाज एक प्रभावी, सुलभ एवं टिकाऊ विकल्प प्रस्तुत करते हैं। अतः इन्हें दैनिक आहार में शामिल करना तथा इनके उत्पादन एवं उपयोग को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है।

अध्याय ४

बाजरा (पर्ल मिलेट)

1. परिचय

बाजरा (Pearl Millet), भारत तथा विश्व के शुष्क एवं अर्ध–शुष्क क्षेत्रों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण खाद्यान्न फसल है। यह Poaceae (घास कुल) का सदस्य है और इसे प्रमुख रूप से कम वर्षा, उच्च तापमान तथा सीमांत भूमि में उगाया जाता है। बाजरा विश्व की प्राचीनतम फसलों में से एक है, जिसकी उत्पत्ति अफ्रीका के सहारा क्षेत्र में मानी जाती है। वहाँ से यह एशिया, विशेषकर भारत में फैली और आज यह देश के ग्रामीण एवं शुष्क क्षेत्रों की खाद्य सुरक्षा का एक प्रमुख आधार बन चुकी है। भारत बाजरा का सबसे बड़ा उत्पादक देश है, जहाँ राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक प्रमुख उत्पादक राज्य हैं। बाजरा की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इसकी उच्च सूखा सहनशीलता और कम इनपुट में अधिक उत्पादन देने की क्षमता है। यह फसल अत्यधिक तापमान (40°C तक) को सहन कर सकती है और कम वर्षा (300–500 मिमी) में भी अच्छी उपज देती है। यही कारण है कि यह सीमांत और वर्षा–आधारित कृषि के लिए अत्यंत उपयुक्त फसल मानी जाती है। बाजरा का पौधा मध्यम से ऊँचा (1.5–3 मीटर) होता है, जिसमें मोटा तना और लंबी पत्तियाँ होती हैं। इसका पुष्पक्रम एक घनी, बेलनाकार बाल के रूप में होता है, जिसमें असंख्य छोटे दाने लगे होते हैं।

पोषण की दृष्टि से बाजरा अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह ऊर्जा, प्रोटीन, आहार रेशा (पिइमत), आयरन, जिंक और मैग्नीशियम का अच्छा स्रोत है। यह ग्लूटेन–फ्री होता है, इसलिए यह स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों और मधुमेह रोगियों के लिए उपयुक्त आहार है। पारंपरिक रूप से बाजरा का उपयोग रोटी, खिचड़ी, दलिया और पेय पदार्थों में किया जाता है। आधुनिक समय में इससे बिस्कुट, कुकीज, मल्टीग्रेन उत्पाद, इंस्टेंट फूड और हेल्थ स्नैक्स भी तैयार किए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में बाजरा एक "स्मार्ट फसल" के रूप में उभर रहा है, क्योंकि यह कम पानी, उच्च तापमान और सीमांत भूमि में भी स्थिर उत्पादन प्रदान करता है।

2. वनस्पतिक नाम, स्थानीय नाम एवं कुल (फैमिली)

बाजरा की वैज्ञानिक पहचान और वर्गीकरण कृषि अनुसंधान, बीज उत्पादन तथा फसल प्रबंधन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

वनस्पतिक नामः *Pennisetum glaucum* (syn. *Cenchrus americanus*)

कुलः Poaceae (घास कुल)

बाजरा घास कुल का एक प्रमुख अनाज है, जिसकी पहचान इसके घने और बेलनाकार पुष्पक्रम से होती है।

स्थानीय नामः

- हिंदीः बाजरा
- अंग्रेजीः *Pearl Millet*
- कन्नड़ः साज्जे
- तमिलः कंबु
- तेलुगुः सज्जा
- मराठीः बाजरी
- गुजरातीः बाजरी
- पंजाबीः बाजरा

3. पोषण मूल्य

बाजरा एक अत्यंत पौष्टिक अनाज है, जो ऊर्जा, प्रोटीन, फाइबर और खनिज तत्वों का अच्छा स्रोत है। इसे "गरीबों का भोजन" कहे जाने के बावजूद, आधुनिक समय में यह एक "सुपर फूड" के रूप में पुनः लोकप्रिय हो रहा है।

100 ग्राम बाजरा में पोषक तत्वः

पोषक तत्व	मात्रा (प्रति 100 ग्राम)	लाभ/महत्व
ऊर्जा	350–360 kcal	शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है
कार्बोहाइड्रेट	65–70 ग्राम	दैनिक ऊर्जा का मुख्य स्रोत
प्रोटीन	10–12 ग्राम	मांसपेशियों और ऊतकों के लिए आवश्यक
वसा	4–5 ग्राम	ऊर्जा और हार्मोन संतुलन
आहार रेशा	8–10 ग्राम	पाचन सुधार, कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण
आयरन	6–8 मि.ग्रा.	एनीमिया से बचाव
कैल्शियम	40–50 मि.ग्रा.	हड्डियों के लिए उपयोगी
मैग्नीशियम	130–140 मि.ग्रा.	तंत्रिका एवं मांसपेशी कार्य
जिंक	2–3 मि.ग्रा.	रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है
विटामिन B	1–2 मि.ग्रा.	ऊर्जा उत्पादन और मस्तिष्क स्वास्थ्य

बाजरा न केवल पारंपरिक आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि आधुनिक स्वास्थ्यवर्धक आहार प्रणाली में भी इसका विशेष स्थान है। इसकी उच्च पोषण क्षमता, ग्लूटेन–फ्री प्रकृति और स्वास्थ्य लाभ इसे भविष्य का एक प्रमुख अनाज बनाते हैं।

4. वृद्धि हेतु जलवायु

बाजरा (पर्ल मिलेट) एक उष्णकटिबंधीय एवं अर्ध–शुष्क जलवायु की फसल है, जो अत्यधिक तापमान, कम वर्षा और सीमांत परिस्थितियों में भी सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है। इसकी सबसे प्रमुख विशेषता इसकी सूखा सहनशीलता (Drought Tolerance) है, जिसके कारण यह उन क्षेत्रों में भी अच्छी उपज देती है जहाँ अन्य फसलें असफल हो जाती हैं। बाजरा की वृद्धि के लिए तापमान 25°C से 35°C के बीच आदर्श माना जाता है। बीज अंकुरण के लिए 20–25°C तापमान उपयुक्त होता है, जबकि पौधों की वृद्धि और विकास के लिए 30–35°C तापमान सर्वोत्तम होता है। यह फसल 40°C तक के उच्च तापमान को भी सहन कर सकती है, जो इसे गर्म और शुष्क क्षेत्रों के लिए उपयुक्त बनाता है।

बाजरा मुख्यतः कम वर्षा वाले क्षेत्रों की फसल है और इसके लिए 300–500 मिमी वार्षिक वर्षा पर्याप्त होती है। यह फसल वर्षा आधारित परिस्थितियों में भी सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है। हालांकि, अत्यधिक वर्षा और जलभराव से इसकी जड़ों को नुकसान हो सकता है, जिससे फसल की वृद्धि प्रभावित होती है। आर्द्रता का भी बाजरा की वृद्धि पर प्रभाव पड़ता है। मध्यम आर्द्रता पौधों के विकास के लिए उपयुक्त होती है, जबकि अत्यधिक आर्द्रता रोगों के प्रसार को बढ़ा सकती है। बाजरा एक लघु दिन फसल है, जिसमें पुष्पन और दाना भरने की प्रक्रिया दिन की अवधि पर निर्भर करती है। कम दिन की अवधि में पुष्पन जल्दी होता है, जबकि लंबी दिन अवधि में यह प्रक्रिया विलंबित हो सकती है।

5. मृदा

बाजरा की खेती के लिए मृदा का चयन और उसकी उचित तैयारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह फसल विभिन्न प्रकार की मिट्टियों में उगाई जा सकती है, लेकिन उच्च उपज के लिए अच्छी जल निकासी वाली हल्की और उपजाऊ मिट्टी सबसे उपयुक्त मानी जाती है। बाजरा के लिए बलुई दोमट से लेकर दोमट मिट्टी सर्वोत्तम होती है। इसके अतिरिक्त यह फसल हल्की काली मिट्टी, लाल मिट्टी तथा सीमांत भूमि में भी उगाई जा सकती है। यह उन क्षेत्रों में भी अच्छी तरह उगती है जहाँ मिट्टी की उर्वरता कम होती है। मिट्टी का pH 6.0 से 7.5 के बीच आदर्श माना जाता है। हल्की अम्लीय से तटस्थ मिट्टी में बाजरा की जड़ें अच्छी तरह विकसित होती हैं और

पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है। अत्यधिक क्षारीय या जलभराव वाली मिट्टी बाजरा के लिए उपयुक्त नहीं होती। बाजरा की जड़ प्रणाली गहरी और मजबूत होती है, जिससे यह मिट्टी की गहराई से पानी और पोषक तत्वों को अवशोषित कर सकती है। यही कारण है कि यह फसल सूखा सहनशील होती है और सीमांत क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है।

6. उन्नत किस्में

बाजरा की खेती में उन्नत किस्मों का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उपज, रोग प्रतिरोधक क्षमता, अनुकूलन क्षमता और दानों की गुणवत्ता को सीधे प्रभावित करता है। भारत में विभिन्न कृषि अनुसंधान संस्थानों द्वारा बाजरा की कई उन्नत किस्में और संकर विकसित किए गए हैं, जो विभिन्न जलवायु और मृदा परिस्थितियों के लिए उपयुक्त हैं।

प्रमुख उन्नत किस्में:

1. HHB–67 (Improved)

- जल्दी पकने वाली किस्म
- सूखा सहनशील
- कम वर्षा वाले क्षेत्रों के लिए उपयुक्त

2. HHB–94

- उच्च उपज देने वाली किस्म
- बेहतर दाना गुणवत्ता
- शुष्क क्षेत्रों में उपयुक्त

3. ICMV–221

- सूखा सहनशील
- स्थिर उत्पादन
- वर्षा आधारित खेती के लिए उपयुक्त

4. ICTP–8203 (Dhanashakti)

- उच्च आयरन और जिंक युक्त
- पोषण सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण
- मध्यम अवधि की किस्म

5. Raj–171

- राजस्थान और उत्तर भारत के लिए उपयुक्त
- उच्च उत्पादन क्षमता

6. MPMH–17

- संकर किस्म
- उच्च उपज और रोग प्रतिरोधक

7. GHB–558

- गुजरात के लिए विकसित संकर
- उच्च उत्पादन और अनुकूलन क्षमता

8. RHB–177

- सूखा सहनशील
- अच्छी दाना गुणवत्ता

उन्नत किस्मों का चयन बाजरा की खेती की सफलता का प्रमुख आधार है। उचित किस्म का चयन करके किसान अधिक उत्पादन, बेहतर गुणवत्ता और अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

7. बुवाई का समय

बाजरा (पर्ल मिलेट) की सफल खेती के लिए बुवाई का उचित समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यह अंकुरण, पौधों की स्थापना, वृद्धि तथा अंतिम उपज को सीध ो प्रभावित करता है। बाजरा एक खरीफ फसल है, जिसकी बुवाई मुख्य रूप से मानसून के आगमन के साथ की जाती है। भारत के अधिकांश क्षेत्रों में इसकी बुवाई जून से जुलाई के मध्य की जाती है, जब खेत में पर्याप्त नमी उपलब्ध हो जाती है। समय पर बुवाई करने से बीजों का अंकुरण समान और तीव्र होता है तथा पौधों को प्रारंभिक अवस्था में आवश्यक नमी प्राप्त होती है, जिससे उनकी वृद्धि संतुलित रहती है।

कुछ क्षेत्रों में, विशेषकर जहाँ सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, बाजरा की बुवाई मई के अंत या जून के प्रारंभ में भी की जा सकती है। वहीं, वर्षा में विलंब होने की स्थिति में बुवाई जुलाई के अंत तक की जा सकती है, किंतु अत्यधिक देर से बुवाई करने पर फसल की अवधि घट जाती है और उपज में कमी आ सकती है। बुवाई सामान्यतः कतारों में की जाती है, जिसमें कतार से कतार की दूरी 45 से 60 सेंटीमीटर तथा पौधों के बीच की दूरी 10 से 15 सेंटीमीटर रखी जाती है। बीजों को 2 से 4 सेंटीमीटर की गहराई पर बोना उपयुक्त माना जाता है।

बाजरा की बुवाई के लिए बीज दर सामान्यतः 3 से 5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर होती है, जबकि संकर किस्मों के लिए यह 2.5 से 3 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पर्याप्त होती है। बीजों का फफूंदनाशकों जैसे कार्बेन्डाजिम या थिरम से उपचार तथा जैव उर्वरकों जैसे एजोटोबैक्टर एवं पीएसबी के साथ उपचार करने से अंकुरण में सुधार होता है और प्रारंभिक रोगों से सुरक्षा मिलती है। इस प्रकार, समय पर और वैज्ञानिक विधि से की गई बुवाई बाजरा की उच्च उपज और बेहतर गुणवत्ता के लिए आधार प्रदान करती है।

8. सिंचाई

बाजरा एक सूखा सहनशील फसल है, जो कम वर्षा और सीमित जल उपलब्धता में भी सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है। इसकी गहरी जड़ प्रणाली मिट्टी की निचली परतों से नमी अवशोषित करने में सक्षम होती है, जिससे यह वर्षा आधारित परिस्थितियों में भी अच्छा उत्पादन देती है। हालांकि, सिंचित परिस्थितियों में उचित और संतुलित सिंचाई प्रबंधन अपनाने से फसल की वृद्धि, दाना निर्माण तथा उपज में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। सामान्यतः वर्षा आधारित क्षेत्रों में बाजरा को अतिरिक्त सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन यदि वर्षा में कमी हो तो फसल के महत्वपूर्ण विकास चरणों पर सिंचाई देना आवश्यक हो जाता है। अंकुरण एवं प्रारंभिक वृद्धि की अवस्था में मिट्टी में पर्याप्त नमी होना आवश्यक है, जिससे पौधों की स्थापना अच्छी तरह हो सके। इसके अतिरिक्त गांठ बनने, पुष्पन तथा दाना भरने की अवस्थाएँ फसल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं, और इन अवस्थाओं पर सिंचाई देने से दानों का आकार, वजन और गुणवत्ता बेहतर होती है।

सिंचित परिस्थितियों में सामान्यतः 2 से 4 सिंचाइयाँ पर्याप्त होती हैं, जिनका अंतराल 15 से 20 दिनों के बीच रखा जाता है। सिंचाई की विधि के रूप में सतही सिंचाई, नाली सिंचाई तथा आधुनिक ड्रिप सिंचाई प्रणाली का उपयोग किया जा सकता है। सिंचाई करते समय यह विशेष ध्यान रखना चाहिए कि खेत में जलभराव न हो, क्योंकि इससे जड़ों का सड़ना और पौधों का गिरना जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। नियंत्रित और आवश्यकता अनुसार सिंचाई करना बाजरा की सफल खेती के लिए अत्यंत आवश्यक है।

9. पोषक तत्व एवं उर्वरक प्रबंधन

बाजरा की फसल में उच्च उपज और गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन अत्यंत आवश्यक होता है। यद्यपि यह फसल कम उर्वरता वाली मिट्टी में भी उगाई जा सकती है, फिर भी उचित मात्रा में पोषक तत्वों की उपलब्धता से इसकी वृद्धि, विकास और उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होता है। नाइट्रोजन,

फॉस्फोरस और पोटाश बाजरा के लिए मुख्य पोषक तत्व हैं। नाइट्रोजन पौधों की हरित वृद्धि, पत्तियों और तनों के विकास के लिए आवश्यक होता है। इसकी कमी से पौधे कमजोर और पीले हो जाते हैं। सामान्यतः 60 से 80 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर नाइट्रोजन की आवश्यकता होती है, जिसमें से आधी मात्रा बुवाई के समय और शेष आधी मात्रा 30 से 35 दिनों बाद टॉप ड्रेसिंग के रूप में दी जाती है।

फॉस्फोरस जड़ों के विकास तथा पुष्पन और दाना निर्माण के लिए महत्वपूर्ण होता है। इसकी उचित मात्रा दानों के आकार और संख्या को बढ़ाती है। सामान्यतः 30 से 40 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर फॉस्फोरस बुवाई के समय देना उपयुक्त रहता है। पोटाश पौधों की संरचनात्मक मजबूती, रोग प्रतिरोधक क्षमता तथा दाना भरने की प्रक्रिया में सहायक होता है, जिसके लिए 20 से 30 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पोटाश का प्रयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे जिंक, आयरन और बोरॉन भी फसल के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इनकी कमी से पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है और उत्पादन घट सकता है। इसलिए आवश्यकता अनुसार इन तत्वों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

जैविक उर्वरकों जैसे गोबर की खाद, कम्पोस्ट और वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग मिट्टी की उर्वरता, संरचना तथा जल धारण क्षमता को बढ़ाने में सहायक होता है। सामान्यतः 5 से 10 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद का प्रयोग लाभकारी होता है। इसके साथ ही जैव उर्वरकों जैसे एजोटोबैक्टर और पीएसबी का उपयोग करने से नाइट्रोजन स्थिरीकरण और फॉस्फोरस की उपलब्धता में वृद्धि होती है।

10. खरपतवार प्रबंधन

बाजरा की फसल में खरपतवारों का नियंत्रण अत्यंत आवश्यक होता है, क्योंकि ये फसल के साथ पोषक तत्वों, जल, प्रकाश और स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। विशेष रूप से फसल की प्रारंभिक अवस्था में खरपतवारों का प्रकोप अधिक हानिकारक होता है, जब पौधे छोटे और कमजोर होते हैं। यदि समय पर खरपतवारों का नियंत्रण न किया जाए, तो यह फसल की वृद्धि को बाधित करते हैं और उपज में उल्लेखनीय कमी ला सकते हैं। बाजरा के खेतों में सामान्यतः विभिन्न प्रकार के चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार, घास कुल के खरपतवार तथा कुछ जड़ वाले खरपतवार पाए जाते हैं। ये खरपतवार तेजी से बढ़ते हैं और फसल के साथ प्रतिस्पर्धा कर उसकी पोषण क्षमता को कम कर देते हैं। इसलिए फसल के प्रारंभिक 30–40 दिनों को खरपतवार नियंत्रण के लिए सबसे महत्वपूर्ण अवधि माना जाता है।

खरपतवार प्रबंधन के लिए सांस्कृतिक, यांत्रिक और रासायनिक विधियों का समेकित उपयोग करना सबसे प्रभावी तरीका है। सांस्कृतिक विधियों में समय पर

बुवाई, उचित कतार दूरी तथा संतुलित उर्वरक प्रबंधन शामिल हैं, जिससे फसल तेजी से बढ़कर खरपतवारों पर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बना लेती है। यांत्रिक विधियों के अंतर्गत बुवाई के 15–20 दिन बाद पहली निराई–गुड़ाई तथा 30–35 दिन बाद दूसरी निराई करना लाभकारी होता है। इससे खरपतवारों की वृद्धि नियंत्रित होती है और मिट्टी भी भुरभुरी बनी रहती है। जहाँ खरपतवारों का प्रकोप अधिक होता है, वहाँ रासायनिक नियंत्रण का भी सहारा लिया जा सकता है। बुवाई के तुरंत बाद या अंकुरण से पहले उपयुक्त प्री–इमर्जेंस हर्बिसाइड का छिड़काव प्रभावी रहता है। इसके अतिरिक्त, आवश्यकता अनुसार पोस्ट–इमर्जेंस हर्बिसाइड का उपयोग भी किया जा सकता है, किंतु इसका प्रयोग सावधानीपूर्वक और अनुशंसित मात्रा में ही करना चाहिए।

11. फसल सुरक्षा

बाजरा की फसल यद्यपि अपेक्षाकृत सहनशील होती है, फिर भी विभिन्न कीट एवं रोग इसके विकास, दाना निर्माण और गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं। फसल के विभिन्न विकास चरणों–अंकुरण, वृद्धि, पुष्पन एवं दाना भरने–में इनका प्रकोप देखा जा सकता है। अतः फसल सुरक्षा के लिए नियमित निरीक्षण, समय पर पहचान और समेकित कीट एवं रोग प्रबंधन का पालन अत्यंत आवश्यक है।

1. कीट एवं उनका प्रबंधन

बाजरा की फसल में कई प्रकार के कीट पाए जाते हैं, जो पौधों के विभिन्न भागों को नुकसान पहुंचाते हैं। ये कीट पत्तियों का रस चूसते हैं, तनों को खोखला करते हैं या दानों को क्षति पहुँचाते हैं, जिससे फसल की उपज और गुणवत्ता प्रभावित होती है। बाजरा में प्रमुख कीटों में तना छेदक, शूट फ्लाई, एफिड और आर्मी वर्म शामिल हैं। तना छेदक कीट की सुंडी तने के अंदर प्रवेश कर उसे खोखला कर देती है, जिससे पौधे मुरझा जाते हैं और "डेड हार्ट" लक्षण दिखाई देते हैं। शूट फ्लाई विशेष रूप से प्रारंभिक अवस्था में पौधों को प्रभावित करती है और अंकुरित पौधों को नष्ट कर देती है। एफिड पत्तियों का रस चूसते हैं, जिससे पत्तियाँ पीली पड़ जाती हैं और पौधों की वृद्धि रुक जाती है। आर्मी वर्म पत्तियों को खाकर फसल को व्यापक नुकसान पहुंचाते हैं।

इन कीटों के प्रबंधन के लिए समेकित उपाय अपनाना आवष्यक है। समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन और खेत की नियमित निगरानी से कीटों के प्रकोप को कम किया जा सकता है। जैविक नियंत्रण के अंतर्गत नीम आधारित उत्पादों तथा Bacillus thuringiensi जैसे जैव कीटनाषकों का उपयोग प्रभावी होता है। इसके अतिरिक्त, प्रकाष प्रपंच और फेरोमोन ट्रैप का उपयोग भी कीट नियंत्रण में सहायक होता है। आवश्यकता होने पर अनुशंसित रासायनिक कीटनाशकों का सीमित और सावधानीपूर्वक प्रयोग किया जाना चाहिए।

2. रोग एवं उनका प्रबंधन

बाजरा की फसल में विभिन्न प्रकार के रोग भी पाए जाते हैं, जो मुख्यतः फफूंदजनित होते हैं और पत्तियों, तनों तथा दानों को प्रभावित करते हैं। प्रमुख रोगों में डाउनी मिल्ड्यू, एर्गोट, स्मट तथा पत्ती धब्बा रोग शामिल हैं। डाउनल मिल्ड्यू रोग में पत्तियों पर पीले या सफेद धब्बे बनते हैं और पौधों की वृद्धि रुक जाती है। एर्गोट रोग में दानों के स्थान पर काले या बैंगनी रंग के कठोर संरचनाएँ बन जाती हैं, जिससे दाने अनुपयोगी हो जाते हैं। स्मट रोग में पुष्पक्रम काले पाउडर में बदल जाता है, जिससे दाना उत्पादन प्रभावित होता है। पत्ती धब्बा रोग में पत्तियों पर भूरे धब्बे बनते हैं, जिससे प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया प्रभावित होती है। इन रोगों के नियंत्रण के लिए रोगरोधी किस्मों का चयन, स्वस्थ और प्रमाणित बीज का उपयोग तथा बीज उपचार अत्यंत आवश्यक है। फसल चक्र अपनाने से मिट्टी में रोगजनकों की संख्या कम होती है। खेत में उचित जल निकासी बनाए रखना और संतुलित उर्वरक प्रबंधन करना भी रोगों की रोकथाम में सहायक होता है। आवश्यकता पड़ने पर अनुशंसित फफूंदनाशकों का छिड़काव करके रोगों को नियंत्रित किया जा सकता है।

बाजरा की फसल में कीट एवं रोगों का समय पर नियंत्रण न करने पर उपज और गुणवत्ता में गंभीर हानि हो सकती है। समेकित प्रबंधन तकनीकों को अपनाकर इन समस्याओं को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। जैविक, सांस्कृतिक और रासायनिक उपायों के संतुलित उपयोग से न केवल फसल सुरक्षित रहती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि प्रणाली को भी बढ़ावा मिलता है।

12. उपज

बाजरा (पर्ल मिलेट) की फसल की उपज अनेक कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें प्रमुख रूप से उन्नत किस्मों का चयन, मृदा की उर्वरता, जलवायु परिस्थितियाँ, बुवाई का समय, सिंचाई प्रबंधन, पोषक तत्वों की उपलब्धता तथा कीट एवं रोग नियंत्रण शामिल हैं। इन सभी कारकों का संतुलित एवं वैज्ञानिक प्रबंधन करने पर बाजरा की उपज और दानों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि प्राप्त की जा सकती है।

सामान्य परिस्थितियों में बाजरा की औसत उपज लगभग 1.5 से 2.5 टन प्रति हेक्टेयर होती है। वर्षा आधारित और सीमांत क्षेत्रों में, जहाँ संसाधनों की कमी होती है, यह उपज लगभग 1.0 से 1.8 टन प्रति हेक्टेयर तक सीमित रह सकती है। इसके विपरीत, सिंचित क्षेत्रों तथा उन्नत कृषि प्रथाओं के उपयोग से बाजरा की उपज 2.5 से 3.5 टन प्रति हेक्टेयर या उससे अधिक भी प्राप्त की जा सकती है।

उपज पर जलवायु का विशेष प्रभाव पड़ता है। अनुकूल तापमान, पर्याप्त वर्शा और संतुलित आर्द्रता की स्थिति में फसल में पुष्पन और दाना भरने की प्रक्रिया बेहतर होती है, जिससे दाने बड़े, भारी और पोषक तत्वों से भरपूर बनते हैं। इसके विपरीत, अत्यधिक गर्मी, सूखा या असमय वर्षा फसल की वृद्धि को प्रभावित करते हैं और उपज में कमी ला सकते हैं।

किस्म के अनुसार भी उपज में अंतर पाया जाता है। उन्नत और संकर किस्में सामान्यतः अधिक उत्पादन देती हैं और इनकी उत्पादन क्षमता 2.5 से 3.5 टन प्रति हेक्टेयर तक हो सकती है, जबकि पारंपरिक किस्मों की उपज अपेक्षाकृत कम होती है। इसके अतिरिक्त, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, समय पर बुवाई, उचित पौध दूरी तथा प्रभावी खरपतवार एवं फसल सुरक्षा उपायों से उपज में 15 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है।

उच्च गुणवत्ता वाले बाजरा दाने समान आकार, उचित वजन और अच्छे रंग के होते हैं, जो बाजार में अधिक मूल्य प्राप्त करते हैं। अतः उत्पादन के साथ–साथ गुणवत्ता पर भी ध्यान देना आवश्यक है, जिससे किसानों को अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके। इस प्रकार, वैज्ञानिक एवं समेकित कृषि तकनीकों को अपनाकर बाजरा की फसल को अधिक उत्पादक और लाभकारी बनाया जा सकता है।

13. प्रसंस्कृत उत्पाद / मूल्य संवर्धन

बाजरा एक बहुउपयोगी और अत्यंत पोषण–संपन्न अनाज है, जिसका उपयोग पारंपरिक तथा आधुनिक दोनों प्रकार के खाद्य उत्पादों में व्यापक रूप से किया जाता है। वर्तमान समय में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण बाजरा को "सुपर फूड" के रूप में पुनः महत्व प्राप्त हो रहा है। इसके प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के माध्यम से न केवल इसकी उपयोगिता बढ़ाई जा सकती है, बल्कि किसानों और उद्यमियों के लिए आय के नए अवसर भी सृजित किए जा सकते हैं। बाजरा को कच्चे रूप में बेचने की अपेक्षा यदि इसे विभिन्न प्रसंस्कृत उत्पादों में परिवर्तित करके बाजार में प्रस्तुत किया जाए, तो इसका आर्थिक मूल्य कई गुना बढ़ जाता है। बाजरा से आटा तैयार किया जाता है, जिसका उपयोग रोटी, पराठा, दलिया और पारंपरिक खाद्य पदार्थों में किया जाता है। इसके अतिरिक्त, बाजरा से बने आटे का उपयोग बिस्कुट, कुकीज, ब्रेड और अन्य बेकरी उत्पादों के निर्माण में भी किया जा रहा है, जो उच्च फाइबर और पोशण से भरपूर होते हैं।

आधुनिक खाद्य उद्योग में बाजरा से रेडी–टू–ईट और रेडी–टू–कुक उत्पादों का निर्माण तेजी से बढ़ रहा है, जैसे इंस्टेंट खिचड़ी, उपमा मिक्स, दलिया और हेल्थ मिक्स। इसके अलावा, बाजरा आधारित नूडल्स, पास्ता और स्नैक्स भी

बाजार में लोकप्रिय हो रहे हैं, जो ग्लूटेन–फ्री और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प प्रदान करते हैं। बाजरा को अन्य अनाजों जैसे ज्वार, रागी और गेहूं के साथ मिलाकर मल्टीग्रेन उत्पाद भी तैयार किए जाते हैं, जिनका पोषण मूल्य अधिक होता है और बाजार में इनकी मांग लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही बाजरा से ऊर्जा बार, हेल्थ ड्रिंक और पोषण पूरक भी बनाए जा रहे हैं, जो शहरी उपभोक्ताओं के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय हैं।

मूल्य संवर्धन के माध्यम से किसानों को कई लाभ प्राप्त होते हैं। इससे उन्हें कच्चे अनाज की तुलना में अधिक मूल्य मिलता है, उत्पाद की शेल्फ लाइफ बढ़ती है और बाजार में प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ती है। इसके अतिरिक्त, प्रसंस्करण उद्योग के विकास से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होते हैं। बाजरा के उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग, ब्रांडिंग तथा जैविक और ग्लूटेन–फ्री प्रमाणन के माध्यम से इनकी बाजार मांग और मूल्य में और अधिक वृद्धि की जा सकती है। किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से सामूहिक प्रसंस्करण और विपणन भी लाभकारी सिद्ध होता है। अंततः बाजरा के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से इस पारंपरिक फसल को आधुनिक खाद्य प्रणाली से जोड़ा जा सकता है, जिससे पोषण सुरक्षा, आर्थिक लाभ और टिकाऊ कृषि प्रणाली को बढ़ावा मिलता है।

अध्याय ५

रागी / नाचनी (फिंगर मिलेट)

1. परिचय

रागी या नाचनी, इसे विशेष रूप से अफ्रीका और भारत के शुष्क एवं अर्ध–शुष्क क्षेत्रों में हजारों वर्शों से उगाया जाता रहा है। ऐतिहासिक प्रमाण बताते हैं कि रागी की उत्पत्ति पूर्वी अफ्रीका (इथियोपिया क्षेत्र) में हुई थी, जहाँ से यह भारत और अन्य एशियाई देशों में फैली। भारत में रागी की खेती विशेष रूप से कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और हिमालयी क्षेत्रों में की जाती है। कर्नाटक भारत में रागी का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। यह फसल कम पानी, सीमांत भूमि और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अच्छी उपज देने की क्षमता रखती है, जिससे यह छोटे और सीमांत किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। रागी की विशेषता इसका विशिष्ट पुष्पक्रम है, जो हाथ की उंगलियों की तरह फैला हुआ होता है, इसलिए इसे "फिंगर मिलेट" कहा जाता है। इसके दाने छोटे, गोल और भूरे–लाल रंग के होते हैं। यह फसल सामान्यतः 90–120 दिनों में पक जाती है और बहुफसली प्रणाली में आसानी से शामिल की जा सकती है। पोषण की दृष्टि से रागी अत्यंत समृद्ध है। इसमें विशेष रूप से कैल्शियम की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो अन्य अनाजों की तुलना में कई गुना अधिक है। इसके अलावा इसमें प्रोटीन, आहार रेशा, आयरन, फॉस्फोरस और विटामिन बी–समूह प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह ग्लूटेन–फ्री होने के कारण सीलिएक रोगियों, मधुमेह रोगियों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए आदर्श आहार है।

रागी का उपयोग पारंपरिक रूप से रोटी, दलिया, खिचड़ी, रागी मड्डे (दक्षिण भारत), पेज और पेय पदार्थों में किया जाता है। आधुनिक समय में इससे बिस्कुट, कुकीज, हेल्थ ड्रिंक्स, बेबी फूड, नूडल्स और मल्टीग्रेन उत्पाद बनाए जा रहे हैं। रागी की एक महत्वपूर्ण विशेषता इसकी दीर्घ भंडारण क्षमता है। इसके दाने कई

वर्षों तक बिना खराब हुए सुरक्षित रखे जा सकते हैं, जिससे यह खाद्य सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण फसल बन जाती है। जलवायु परिवर्तन के वर्तमान संदर्भ में, रागी एक टिकाऊ, कम इनपुट वाली और पोषण सुरक्षा प्रदान करने वाली फसल के रूप में उभर रही है।

2. वनस्पतिक नाम, स्थानीय नाम एवं कुल

रागी की वैज्ञानिक पहचान और वर्गीकरण कृषि अनुसंधान, बीज चयन और फसल प्रबंधन के लिए अत्यंत आवष्यक है।

- वनस्पतिक नामः *Eleusine coracana*
- कुलः Poaceae (घास कुल)

रागी घास कुल की एक प्रमुख मिलेट फसल है, जिसकी पहचान इसके विशिष्ट उंगलीनुमा पुष्पक्रम से की जाती है।

स्थानीय नामः

- हिंदीः रागी / मडुआ
- अंग्रेजीः Finger Millet
- कन्नड़ः रागी
- तमिलः केझवरगु
- तेलुगुः रागुलु
- मराठीः नाचनी
- गुजरातीः नाचणी
- बंगालीः मडुआ
- नेपालीः कोदो

3. पोषण मूल्य

रागी एक अत्यंत पोषण–संपन्न अनाज है, जिसे "कैल्शियम का भंडार" कहा जाता है।

100 ग्राम रागी में पोषक तत्वः

पोषक तत्व	मात्रा (प्रति 100 ग्राम)	लाभ/महत्व
ऊर्जा	320–340 kcal	शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है
कार्बोहाइड्रेट	65–70 ग्राम	ऊर्जा का मुख्य स्रोत
प्रोटीन	7–9 ग्राम	मांसपेशियों और ऊतकों के लिए आवश्यक
वसा	1–2 ग्राम	ऊर्जा और हार्मोन संतुलन
आहार रेशा	10–12 ग्राम	पाचन सुधार, कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण
आयरन	3–4 मि.ग्रा.	एनीमिया से बचाव
कैल्शियम	300–350 मि.ग्रा.	हड्डियों और दांतों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण
मैग्नीशियम	130–140 मि.ग्रा.	तंत्रिका एवं मांसपेशी कार्य
फॉस्फोरस	280–300 मि.ग्रा.	हड्डियों और ऊर्जा चक्र
विटामिन B	1–2 मि.ग्रा.	ऊर्जा उत्पादन और मस्तिष्क स्वास्थ्य

स्वास्थ्य लाभः

- हड्डियों को मजबूत बनाता है (उच्च कैल्शियम)
- मधुमेह नियंत्रण में सहायक (Low Glycemic Inde)
- पाचन तंत्र को सुधारता है
- एनीमिया से बचाव
- वजन नियंत्रण में सहायक
- बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी

4. वृद्धि हेतु जलवायु

रागी एक उष्णकटिबंधीय और अर्ध–शुष्क जलवायु की फसल है, जो विविध पर्यावरणीय परिस्थितियों में उगाई जा सकती है। यह विशेष रूप से सूखा सहनशील (drought tolerant) और कम पानी की आवश्यकता वाली फसल है। रागी की फसल 20°C से 30°C तापमान के बीच सर्वोत्तम वृद्धि करती है। बीज अंकुरण के लिए 20–25°C तापमान उपयुक्त होता है, जबकि पौधों की वृद्धि और विकास के लिए 25–30°C तापमान आदर्श माना जाता है। अत्यधिक ठंड या पाला फसल के लिए हानिकारक होता है, जबकि अत्यधिक गर्मी (35°C से अधिक) भी दाना बनने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है।

रागी मध्यम वर्शा वाले क्षेत्रों में अच्छी तरह उगती है। इसके लिए 500–1000 मिमी वार्षिक वर्षा पर्याप्त होती है। यह फसल वर्षा–आधारित क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है, क्योंकि इसकी जड़ प्रणाली गहरी होती है, जो मिट्टी की गहराई से नमी प्राप्त कर सकती है। यह फसल विभिन्न ऊँचाई वाले क्षेत्रों में उगाई जा सकती है–समतल क्षेत्रों से लेकर 2000 मीटर ऊँचाई तक। पहाड़ी क्षेत्रों में भी यह फसल सफलतापूर्वक उगाई जाती है। रागी एक लघु दिन की फसल है, जिसका पुष्पन कम दिन की अवधि में होता है। अधिक आर्द्रता और मध्यम तापमान फसल की वृद्धि के लिए अनुकूल होते हैं, जबकि अत्यधिक वर्षा और जलभराव से जड़ों को नुकसान हो सकता है।

5. मृदा

रागी की सफल खेती के लिए उपयुक्त मृदा का चयन और उसकी वैज्ञानिक तैयारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। रागी एक बहुमुखी फसल है, जो विभिन्न प्रकार की मिट्टियों में उगाई जा सकती है, लेकिन उच्च उत्पादन के लिए अच्छी जल निकासी वाली उपजाऊ मिट्टी सबसे उपयुक्त मानी जाती है।

रागी के लिए दोमट से लेकर बलुई दोमट मिट्टी सर्वोत्तम होती है। इसके अलावा यह लाल मिट्टी, हल्की काली मिट्टी तथा पहाड़ी क्षेत्रों की मिट्टी में भी अच्छी तरह उगाई जा सकती है। यह फसल सीमांत और कम उर्वरता वाली भूमि में भी उगाई जा सकती है, लेकिन अच्छी उपज के लिए मिट्टी में पर्याप्त जैविक पदार्थ होना आवश्यक है। मिट्टी का pH 5.0 से 7.5 के बीच होना आदर्श माना जाता है। हल्की अम्लीय से तटस्थ मिट्टी में रागी की जड़ें अच्छी तरह विकसित होती हैं और पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है। अत्यधिक क्षारीय या जलभराव वाली मिट्टी में इसकी वृद्धि प्रभावित होती है। रागी की जड़ प्रणाली गहरी और सशक्त होती है, जिससे यह मिट्टी की गहराई से नमी और पोषक तत्व प्राप्त कर सकती है। यही कारण है कि यह फसल सूखा सहनशील होती है।

मृदा तैयारीः

- पहली जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से की जाती है।
- इसके बाद 2–3 बार हल्की जुताई करके मिट्टी को भुरभुरी बनाया जाता है।
- खेत को समतल करना आवश्यक है, जिससे जल प्रबंधन आसान हो सके।

6. उन्नत किस्में

रागी की खेती में उन्नत किस्मों का चयन उत्पादन, गुणवत्ता और रोग

प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न कृषि अनुसंधान संस्थानों द्वारा विकसित किस्में विभिन्न जलवायु परिस्थितियों के लिए उपयुक्त होती हैं।

प्रमुख उन्नत किस्में:

1. **GPU–28** – यह उच्च उपज देने वाली किस्म है, जिसकी फसल अवधि लगभग 100–105 दिन होती है। यह सूखा सहनशील और विभिन्न क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है।
2. **GPU–67** – यह किस्म ब्लास्ट रोग के प्रति सहनशील है और उच्च उत्पादन देती है। इसके दाने अच्छे आकार और गुणवत्ता के होते हैं।
3. **PR–202** – मध्यम अवधि की किस्म, जो स्थिर उत्पादन और अच्छे पोषण मूल्य के लिए जानी जाती है।
4. **VL–149** – पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उपयुक्त किस्म। यह ठंडी जलवायु में भी अच्छी वृद्धि करती है।
5. **CO–13** – दक्षिण भारत में प्रचलित किस्म, जो उच्च उपज और बेहतर अनुकूलन क्षमता के लिए जानी जाती है।
6. **Indaf–5** – यह किस्म सूखा सहनशील और कम उर्वरता वाली भूमि के लिए उपयुक्त है।
7. **MR–1** – मध्यम अवधि की किस्म, जो अच्छी गुणवत्ता वाले दाने प्रदान करती है।
8. **GPU–45** – यह किस्म रोग प्रतिरोधक और उच्च उपज देने वाली है।

7. बुवाई का समय

रागी की फसल में सही समय पर बुवाई करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे अंकुरण, वृद्धि, पुष्पन और दाना भरने की प्रक्रिया प्रभावित होती है।

रागी मुख्यतः खरीफ मौसम की फसल है और इसकी बुवाई मानसून के आगमन के साथ की जाती है।

बुवाई का समयः

- खरीफ (वर्षा आधारित): जून से जुलाई
- रबी (सिंचित क्षेत्रों में): अक्टूबर से नवम्बर
- जायद (कुछ क्षेत्रों में): फरवरी से मार्च

समय पर बुवाई करने से फसल को पर्याप्त नमी और अनुकूल तापमान मिलता है, जिससे अंकुरण और वृद्धि बेहतर होती है। देर से बुवाई करने पर उपज में कमी आ सकती है।

बीज दर और विधिः

- बीज दरः 8–12 किग्रा हेक्टेयर
- गहराईः 2–3 सेमी
- कतार दूरीः 25–30 सेमी
- पौधे से पौधे की दूरीः 8–10 सेमी

रागी की बुवाई छिड़काव विधिया कतारबद्ध विधि से की जा सकती है। कतारबद्ध बुवाई अधिक लाभकारी होती है, क्योंकि इससे निराई–गुड़ाई और पोशक तत्व प्रबंधन आसान होता है।

8. सिंचाई

रागी (फिंगर मिलेट) एक सूखा सहनशील फसल है, जो कम जल उपलब्धता में भी सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है। इसकी गहरी और सशक्त जड़ प्रणाली मिट्टी की गहराई से नमी प्राप्त करने में सक्षम होती है, जिससे यह वर्षा–आधारित क्षेत्रों में भी अच्छी उपज देती है। फिर भी, वैज्ञानिक सिंचाई प्रबंधन अपनाने से फसल की उत्पादकता और दानों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है।

सिंचाई की आवश्यकताः

- वर्षा आधारित क्षेत्रों में सामान्यतः अतिरिक्त सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती।
- सिंचित क्षेत्रों में 2–4 सिंचाई पर्याप्त मानी जाती हैं।
- हल्की मिट्टी में सिंचाई की आवश्यकता अपेक्षाकृत अधिक होती है, जबकि भारी मिट्टी में कम सिंचाई पर्याप्त होती है।

महत्वपूर्ण सिंचाई अवस्थाएँः

रागी की फसल में निम्न अवस्थाएँ जल की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैंः

1. अंकुरण अवस्थाः बुवाई के बाद मिट्टी में पर्याप्त नमी होना आवश्यक है, जिससे अंकुरण समान रूप से हो सके।
2. प्रारंभिक वृद्धि अवस्थाः इस समय पौधों की जड़ और पत्तियों का विकास होता है, जिसके लिए पर्याप्त नमी आवश्यक है।

3. पुष्पन अवस्थाः यह सबसे महत्वपूर्ण अवस्था है। इस समय जल की कमी से फूल गिर सकते हैं और दाना बनने की प्रक्रिया प्रभावित होती है।
4. दाना भरने की अवस्थाः इस अवस्था में सिंचाई करने से दानों का आकार, वजन और गुणवत्ता बेहतर होती है।

9. पोषक तत्व एवं उर्वरक प्रबंधन

रागी की फसल के लिए संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है, जिससे पौधों की वृद्धि, विकास, दाना निर्माण और उपज में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। यद्यपि रागी कम उर्वरता वाली भूमि में भी उगाई जा सकती है, लेकिन उचित उर्वरक प्रबंधन से उत्पादन में उल्लेखनीय सुधार होता है।

मुख्य पोषक तत्व :

1. नाइट्रोजनः

- मात्राः 40–60 किग्रा/हेक्टेयर
- कार्यः पत्तियों और तनों की वृद्धि में सहायक

प्रयोग विधिः

- 50: बुवाई के समय
- 50: टॉप ड्रेसिंग (25–30 दिन बाद)

2. फॉस्फोरसः

- मात्राः 30–40 किग्रा/हेक्टेयर
- कार्यः जड़ों के विकास और दाना बनने में सहायक
- प्रयोगः बुवाई के समय मिट्टी में मिलाकर

3. पोटाशः

- मात्राः 20–30 किग्रा/हेक्टेयर
- कार्यः पौधों की मजबूती, रोग प्रतिरोधक क्षमता और दाना भरने में सहायक

सूक्ष्म पोषक तत्वः रागी में निम्न सूक्ष्म तत्व भी महत्वपूर्ण हैंः

- जिंक– पौध वृद्धि और एंजाइम क्रियाओं के लिए
- बोरॉन– फूल और दाना बनने के लिए
- आयरन– क्लोरोफिल निर्माण के लिए

इनकी कमी होने पर पत्तियों का पीला पड़ना, वृद्धि में कमी और दाना बनने में बाधा देखी जा सकती है।

जैविक उर्वरक का उपयोगः

- गोबर की खादः 5–10 टन/हेक्टेयर
- वर्मी–कम्पोस्टः 2–3 टन/हेक्टेयर

जैविक खाद मिट्टी की संरचना, जल धारण क्षमता और सूक्ष्मजीव गतिविधि को बढ़ाती है।

10. खरपतवार प्रबंधन

रागी की फसल में खरपतवार एक प्रमुख समस्या हैं, जो फसल के साथ पानी, पोषक तत्व, प्रकाश और स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। यदि समय पर इनका नियंत्रण न किया जाए, तो उपज में 20–40ः तक कमी हो सकती है। विशेष रूप से प्रारंभिक 30–40 दिन रागी की फसल के लिए अत्यंत संवेदनशील होते हैं, जब खरपतवार तेजी से बढ़ते हैं।

प्रमुख खरपतवारः

- घास वर्गीय खरपतवार
- चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार
- सेज

खरपतवार प्रबंधन की विधियाँः

1. सांस्कृतिक विधियाँः

- समय पर बुवाई
- कतारबद्ध बुवाई
- उचित पौध दूरी बनाए रखना
- फसल चक्र अपनाना

2. यांत्रिक/भौतिक विधियाँः

- हाथ से निराईः
- पहली निराईः 15–20 दिन बाद
- दूसरी निराईः 30–35 दिन बाद
- कुल्टीवेटर/खुरपी का उपयोग

11. फसल सुरक्षा

रागी (फिंगर मिलेट) की फसल अपेक्षाकृत सहनशील मानी जाती है, फिर भी विभिन्न कीट एवं रोग फसल की वृद्धि, दाना निर्माण और गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं। फसल के विभिन्न चरणों–अंकुरण, वृद्धि, पुष्पन एवं दाना भरने–में कीट एवं रोगों का प्रकोप देखने को मिलता है। फसल सुरक्षा के लिए नियमित निरीक्षण, समय पर पहचान, और समेकित कीट एवं रोग प्रबंधन अपनाना अत्यंत आवश्यक है। जैविक, सांस्कृतिक और रासायनिक उपायों का संतुलित उपयोग फसल को सुरक्षित रखने में सहायक होता है।

i- **कीट एवं उनका प्रबंधन**

रागी की फसल में विभिन्न प्रकार के कीट पत्तियों, तनों, जड़ों और दानों को नुकसान पहुंचाते हैं। ये कीट पौधों का रस चूसते हैं या पौधों के विभिन्न भागों को खाकर फसल की वृद्धि को प्रभावित करते हैं।

प्रमुख कीटः

1. तना छेदक: यह रागी का प्रमुख कीट है, जिसकी सुंडी तने के अंदर घुसकर उसे खोखला कर देती है।

लक्षणः

- पौधों का मुरझाना
- तनों का कमजोर होना
- दाना बनने में कमी

प्रबंधनः

- समय पर बुवाई करें
- संक्रमित पौधों को निकालकर नष्ट करें
- ट्राइकोग्रामा जैसे जैविक परजीवी का उपयोग
- आवश्यकता अनुसार अनुषंसित कीटनाशकों का छिड़काव

2. शूट फ्लाई: यह कीट विशेष रूप से प्रारंभिक अवस्था में फसल को प्रभावित करता है।

लक्षणः

- अंकुरित पौधों का सूखना
- "Dead Heart" लक्षण

प्रबंधनः

- समय पर बुवाई
- बीज उपचार
- संतुलित उर्वरक प्रबंधन
- आवश्यकतानुसार कीटनाशक का प्रयोग

3. एफिडः ये छोटे कीट पत्तियों और कोमल भागों का रस चूसते हैं।

लक्षणः

- पत्तियों का पीला पड़ना
- चिपचिपा पदार्थ
- पौधों की वृद्धि रुकना

प्रबंधनः

- पीले चिपचिपे ट्रैप का उपयोग
- नीम तेल या साबुन घोल का छिड़काव
- आवश्यकता होने पर कीटनाशक का प्रयोग

4. आर्मी वर्मः यह कीट पत्तियों को तेजी से खाकर फसल को नुकसान पहुंचाता है।

लक्षणः

- पत्तियों का पूर्ण या आंशिक नष्ट होना
- खेत में समूह में कीटों का प्रकोप

प्रबंधनः

- प्रारंभिक अवस्था में हाथ से नष्ट करना
- प्रकाश प्रपंच (Light trap) का उपयोग
- जैविक नियंत्रण
- आवश्यकतानुसार रासायनिक नियंत्रण

ii- **रोग एवं उनका प्रबंधन**

रागी की फसल में प्रमुख रूप से फफूंदजनित रोग पाए जाते हैं, जो पत्तियों, तनों और दानों को प्रभावित करते हैं।

1. ब्लास्ट रोगः यह रागी का सबसे गंभीर रोग है।

लक्षणः

- पत्तियों पर धूसर या भूरे धब्बे
- तनों और बालियों पर संक्रमण
- दाना भरने में कमी

प्रबंधनः

- रोगरोधी किस्मों का चयन
- संतुलित नाइट्रोजन का उपयोग
- कार्बेन्डाजिम या ट्राइसाइक्लाजोल का छिड़काव

2. पत्ती धब्बा

लक्षणः

- पत्तियों पर भूरे या काले धब्बे
- पत्तियों का सूखना

प्रबंधनः

- रोग मुक्त बीज का उपयोग
- फसल चक्र अपनाना
- फफूंदनाशक का छिड़काव

3. रस्ट

लक्षणः

- पत्तियों पर लाल–भूरे धब्बे
- पत्तियों का समय से पहले सूखना

प्रबंधनः

- समय पर बुवाई
- सल्फर आधारित फफूंदनाशकों का प्रयोग

4. डाउनी मिल्ड्यू

लक्षणः

- पत्तियों पर सफेद या धूसर परत
- पौधों की वृद्धि में कमी

प्रबंधनः

- उचित दूरी पर बुवाई
- जल निकासी की व्यवस्था
- मेटालेक्सिल आधारित फफूंदनाशक का प्रयोग

रागी की फसल में कीट एवं रोगों का समय पर नियंत्रण न करने पर उपज और गुणवत्ता में भारी कमी आ सकती है। समेकित प्रबंधन तकनीकों को अपनाकर इन समस्याओं को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। जैविक, सांस्कृतिक और रासायनिक उपायों का संतुलित उपयोग न केवल फसल को सुरक्षित रखता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि प्रणाली को भी बढ़ावा देता है।

12. उपज

रागी (फिंगर मिलेट) की फसल की उपज कई कारकों पर निर्भर करती है, जैसे–उन्नत किस्मों का चयन, मृदा की उर्वरता, जलवायु परिस्थितियाँ, बुवाई का समय, सिंचाई प्रबंधन, पोषक तत्वों की उपलब्धता तथा फसल सुरक्षा उपाय। इन सभी कारकों का संतुलित और वैज्ञानिक प्रबंधन करने से रागी की उपज और गुणवत्ता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि प्राप्त की जा सकती है। सामान्यतः रागी की औसत उपज 1.5 से 2.5 टन प्रति हेक्टेयर के बीच होती है। वर्षा आधारित और सीमांत क्षेत्रों में यह उपज 1.2 से 1.8 टन प्रति हेक्टेयर तक हो सकती है, जबकि सिंचित और उन्नत प्रबंधन वाली परिस्थितियों में यह बढ़कर 2.5 से 3.5 टन प्रति हेक्टेयर तक प्राप्त की जा सकती है।

उपज को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकः

1. किस्मः उन्नत और रोगरोधी किस्में अधिक उत्पादन और स्थिरता प्रदान करती हैं।
2. जलवायुः 20–30°C तापमान और मध्यम वर्शा रागी के लिए अनुकूल होती है।
3. मृदा उर्वरताः जैविक पदार्थ और संतुलित पोषक तत्वों की उपलब्धता से उपज बढ़ती है।
4. सिंचाई प्रबंधनः पुष्पन और दाना भरने की अवस्था में उचित सिंचाई से उत्पादन बढ़ता है।
5. खरपतवार, कीट एवं रोग नियंत्रणः समय पर नियंत्रण करने से उपज हानि कम होती है।

किस्म के अनुसार संभावित उपजः

- GPU–28, GPU–67 – 2.5–3.5 टन/हेक्टेयर
- स्थानीय किस्में – 1.2–1.8 टन/हेक्टेयर

13. प्रसंस्कृत उत्पाद / मूल्य संवर्धन

रागी (फिंगर मिलेट) एक अत्यंत पोषण–संपन्न और बहुउपयोगी अनाज है, जो आधुनिक समय में "सुपर फूड" के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसके प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से न केवल इसके उपयोग के नए आयाम विकसित हुए हैं, बल्कि किसानों और उद्यमियों के लिए आय के नए अवसर भी उत्पन्न हुए हैं। रागी को कच्चे अनाज के रूप में बेचने के बजाय विभिन्न प्रसंस्कृत उत्पादों के रूप में प्रस्तुत करने से इसकी बाजार मांग और आर्थिक मूल्य दोनों बढ़ते हैं।

प्रमुख प्रसंस्कृत उत्पादः

1. रागी का आटाः रागी के दानों को पीसकर तैयार किया जाता है। इसका उपयोग रोटी, पराठा, दलिया, पेज और बेकरी उत्पादों में किया जाता है।

2. रागी माल्टः अंकुरित रागी से तैयार किया जाता है। यह बच्चों और बुजुर्गों के लिए अत्यंत पौष्टिक पेय है।

3. रेडी–टू–ईट एवं रेडी–टू–कुक उत्पादः

- इंस्टेंट रागी दलिया
- रागी उपमा मिक्स
- खिचड़ी मिक्स

ये उत्पाद शहरी जीवनशैली के लिए अत्यंत उपयुक्त हैं।

4. बिस्कुट एवं बेकरी उत्पादः रागी के आटे से कुकीज, बिस्कुट, ब्रेड, केक आदि बनाए जाते हैं। ये उत्पाद उच्च फाइबर और कैल्शियम युक्त होते हैं।

5. नूडल्स और पास्ताः रागी आधारित ग्लूटेन–फ्री नूडल्स और पास्ता स्वास्थ्यवर्धक विकल्प के रूप में लोकप्रिय हो रहे हैं।

6. एनर्जी बार और हेल्थ स्नैक्सः रागी को सूखे मेवे और अन्य अनाजों के साथ मिलाकर पौष्टिक स्नैक्स और एनर्जी बार तैयार किए जाते हैं।

7. मल्टीग्रेन उत्पादः रागी को ज्वार, बाजरा, ओट्स आदि के साथ मिलाकर मल्टीग्रेन आटा, ब्रेड और अन्य उत्पाद बनाए जाते हैं।

व्यावसायिक और विपणन पहलूः

- आकर्षक पैकेजिंग और ब्रांडिंग से उत्पाद की मांग बढ़ती है।
- जैविक और ग्लूटेन–फ्री प्रमाणन से बाजार मूल्य बढ़ता है।
- किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से सामूहिक प्रसंस्करण अधिक लाभकारी होता है।

रागी के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से इस पारंपरिक फसल को आधुनिक खाद्य उद्योग से जोड़ा जा सकता है। इससे न केवल इसकी उपयोगिता और मांग बढ़ती है, बल्कि किसानों को अधिक आय और स्थायी आर्थिक लाभ भी प्राप्त होता है। रागी को पोषण सुरक्षा, स्वास्थ्य संवर्धन और टिकाऊ कृषि प्रणाली के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में विकसित किया जा सकता है।

अध्याय ६

कांगनी (फॉक्सटेल मिलेट)

1. परिचय

कांगनी, एक अत्यंत प्राचीन, पोषण–संपन्न और जलवायु–सहिष्णु लघु अनाज (मिलेट) है। ऐतिहासिक प्रमाणों से ज्ञात होता है कि कांगनी की खेती लगभग 6000 वर्ष पूर्व चीन और दक्षिण–पूर्व एशिया में प्रारंभ हुई थी, जहाँ से यह धीरे–धीरे भारत, अफ्रीका और यूरोप के विभिन्न भागों में फैल गई। भारत में कांगनी को पारंपरिक रूप से सूखा प्रभावित, सीमांत और वर्षा–आधारित क्षेत्रों में उगाया जाता रहा है। वर्तमान समय में इसकी खेती उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में की जाती है। यह फसल कम जल, कम उर्वरता और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उत्पादन देने की क्षमता रखती है, जिससे यह छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प बनती जा रही है।

कांगनी का पौधा मध्यम ऊँचाई का, पतले तनों वाला और संकरी पत्तियों वाला होता है। इसके पुष्पक्रम का आकार लोमड़ी की पूंछ जैसा होता है, जिसके कारण इसे "Foxtail Millet" कहा जाता है। यह फसल तेजी से बढ़ने वाली है और इसकी फसल अवधि सामान्यतः 70–100 दिनों की होती है, जिससे यह बहुफसली प्रणाली में भी आसानी से समाहित हो सकती है। पोषण की दृष्टि से कांगनी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें उच्च गुणवत्ता का प्रोटीन, जटिल कार्बोहाइड्रेट, आहार रेशा, विटामिन (विशेषकर B–समूह) और खनिज (आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम) प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह ग्लूटेन–फ्री होने के कारण सीलिएक रोग, मधुमेह, मोटापा और हृदय रोग से पीड़ित व्यक्तियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। इसके नियमित सेवन से पाचन तंत्र मजबूत होता है, रक्त शर्करा का स्तर नियंत्रित रहता है और शरीर को दीर्घकालिक ऊर्जा प्राप्त होती है।

पारंपरिक रूप से कांगनी का उपयोग खिचड़ी, दलिया, रोटी, पेय पदार्थ और विभिन्न स्थानीय व्यंजनों में किया जाता रहा है। आधुनिक समय में इसके

प्रसंस्करण द्वारा बिस्कुट, फ्लेक्स, पास्ता, नूडल्स, रेडी–टू–ईट खाद्य पदार्थ और हेल्थ स्नैक्स तैयार किए जा रहे हैं, जिससे इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। कांगनी न केवल पोषण सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन के अनुकूल एक टिकाऊ कृषि प्रणाली का भी हिस्सा है। कम पानी की आवश्यकता, सूखा सहनशीलता, कम इनपुट लागत और उच्च पोषण मूल्य के कारण यह फसल भविष्य की खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

2. वनस्पतिक नाम, स्थानीय नाम एवं कुल (फैमिली)

कांगनी एक प्रमुख मिलेट फसल है, जिसकी वैज्ञानिक पहचान और वर्गीकरण कृषि अनुसंधान और फसल प्रबंधन के लिए अत्यंत आवष्यक है।

- वनस्पतिक नामः *Setaria italica*
- कुलः *Poaceae* (घास कुल)

कांगनी घास कुल की फसल है और इसके पौधे की संरचना अन्य अनाजों जैसे ज्वार और बाजरा से मिलती–जुलती है। इसका पुष्पक्रम घना और बेलनाकार होता है, जो इसे अन्य मिलेट्स से अलग पहचान देता है।

स्थानीय नामः

- हिंदीः कांगनी
- अंग्रेजीः "Foxtail Millet"
- तमिलः थिनई
- तेलुगुः कोर्रालु
- कन्नड़ः नवणे
- मराठीः कांग
- गुजरातीः कांग
- बंगालीः कांगनी

3. पोषण मूल्य

कांगनी एक अत्यंत पोषण–संपन्न अनाज है, जिसे आधुनिक पोषण विज्ञान में "सुपर फूड" के रूप में भी मान्यता प्राप्त है।

100 ग्राम कांगनी में पोषक तत्वः

पोषक तत्व	मात्रा (प्रति 100 ग्राम)	लाभ/महत्व
ऊर्जा	330–350 kcal	शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है
कार्बोहाइड्रेट	60–65 ग्राम	ऊर्जा का मुख्य स्रोत
प्रोटीन	10–12 ग्राम	मांसपेशियों और ऊतकों के लिए आवश्यक
वसा	3–4 ग्राम	ऊर्जा और हार्मोन संतुलन
आहार रेशा	6–8 ग्राम	पाचन सुधार, कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण
आयरन	2–3 मि.ग्रा.	एनीमिया से बचाव
कैल्शियम	30–35 मि.ग्रा.	हड्डियों और दांतों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण
मैग्नीशियम	80–100 मि.ग्रा.	तंत्रिका एवं मांसपेशी कार्य
पोटैशियम	250–300 मि.ग्रा.	रक्तचाप नियंत्रण
विटामिन B	1–2 मि.ग्रा.	ऊर्जा उत्पादन और मस्तिष्क स्वास्थ्य

4. वृद्धि हेतु जलवायु

कांगनी (फॉक्सटेल मिलेट) एक उष्णकटिबंधीय तथा अर्ध–शुष्क जलवायु की प्रमुख फसल है, जो विविध पर्यावरणीय परिस्थितियों में अनुकूलन की उत्कृष्ट क्षमता रखती है। इसकी सफल खेती के लिए तापमान, वर्षा, आर्द्रता तथा प्रकाश अवधि का महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। कांगनी की फसल सामान्यतः 20°C से 30°C तापमान के बीच सर्वोत्तम वृद्धि करती है। बीज अंकुरण के लिए 25–30°C तापमान आदर्श माना जाता है, जबकि पौधों की प्रारंभिक वृद्धि 22–28°C पर अच्छी होती है। फूल आने और दाना भरने के समय 25–30°C तापमान उपयुक्त रहता है। अत्यधिक ठंड (10°C से कम) या अत्यधिक गर्मी (35°C से अधिक) फसल की वृद्धि, पुष्पन और दाना बनने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है।

कांगनी एक लघु दिन की फसल है, अर्थात इसका फूलना कम दिन की अवधि में अधिक प्रभावी होता है। लंबे दिन की अवधि में फूल आने में विलंब हो सकता है, जिससे फसल की अवधि बढ़ जाती है। इसलिए यह खरीफ मौसम में अधिक सफल होती है, जब दिन की अवधि अपेक्षाकृत कम होती है और तापमान अनुकूल रहता है। वर्षा की दृष्टि से कांगनी एक कम पानी की आवश्यकता वाली फसल है। यह लगभग 300–500 मिमी वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों में सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है। यह सूखा सहनशील फसल है, इसलिए सीमांत, वर्षा–आधारित और शुष्क क्षेत्रों में भी इसकी खेती की जा सकती है। हालांकि, अत्यधिक वर्षा या

जलभराव की स्थिति में जड़ें प्रभावित होती हैं, जिससे पौधों की वृद्धि रुक सकती है और रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है। आर्द्रता का भी फसल पर प्रभाव पड़ता है। मध्यम आर्द्रता (50–70%) कांगनी के लिए उपयुक्त मानी जाती है। अत्यधिक आर्द्रता में फफूंदजनित रोगों की संभावना बढ़ जाती है, जबकि अत्यधिक शुष्क वातावरण में अंकुरण और प्रारंभिक वृद्धि प्रभावित हो सकती है।

5. मृदा

कांगनी की खेती के लिए मृदा का चयन और उचित प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यह फसल विभिन्न प्रकार की मिट्टियों में उगाई जा सकती है, लेकिन अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी में सर्वोत्तम उत्पादन देती है। कांगनी के लिए बलुई दोमट से लेकर मध्यम दोमट मिट्टी सबसे उपयुक्त मानी जाती है। यह फसल हल्की से मध्यम बनावट वाली मिट्टी में अच्छी तरह बढ़ती है, जहाँ जड़ों का विकास सुगमता से हो सके और वायु का संचार बना रहे। भारी चिकनी मिट्टीया जलभराव वाली भूमि में इसकी जड़ें ठीक से विकसित नहीं हो पातीं, जिससे फसल की वृद्धि और उपज प्रभावित होती है।

मिट्टी का pH 5.5 से 7.5 के बीच होना आदर्श माना जाता है। हल्की अम्लीय से तटस्थ मिट्टी कांगनी के लिए सर्वोत्तम होती है। अत्यधिक अम्लीय या क्षारीय मिट्टी में पोषक तत्वों की उपलब्धता कम हो जाती है, जिससे पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है। कांगनी सीमांत और कम उर्वरता वाली भूमि में भी उगाई जा सकती है, लेकिन अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए मिट्टी में पर्याप्त जैविक पदार्थ होना आवश्यक है। खेत की तैयारी के समय 5–10 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद, कम्पोस्ट या वर्मी–कम्पोस्ट मिलाना फायदेमंद होता है। इससे मिट्टी की संरचना, जल धारण क्षमता और सूक्ष्मजीव गतिविधि में सुधार होता है।

मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए जैव उर्वरकों का उपयोग भी लाभकारी होता है। बीज उपचार या मिट्टी में Azotobacter तथा Phosphate Solubilizing Bacteria का प्रयोग करने से नाइट्रोजन और फॉस्फोरस की उपलब्धता बढ़ती है। अच्छी जुताई और खेत की समुचित तैयारी भी आवश्यक है। पहली जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से की जाती है, इसके बाद 1–2 बार देशी हल या कल्टीवेटर से जुताई कर मिट्टी को भुरभुरी बनाया जाता है। खेत को समतल करने से जल प्रबंधन और बुवाई में सुविधा होती है।

6. उन्नत किस्में

कांगनी की खेती में उन्नत किस्मों का चयन उत्पादन, गुणवत्ता और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्नत किस्में न केवल अधिक उपज

देती हैं, बल्कि ये कम अवधि में पकती हैं, पर्यावरणीय तनाव को सहन करती हैं और प्रसंस्करण के लिए बेहतर दाने प्रदान करती हैं। भारत में विभिन्न कृषि अनुसंधान संस्थानों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा कांगनी की कई उन्नत किस्में विकसित की गई हैं, जो विभिन्न जलवायु और मृदा परिस्थितियों के लिए उपयुक्त हैं।

प्रमुख उन्नत किस्में:

1. **Sia–3085** – यह एक उच्च उपज देने वाली और शीघ्र पकने वाली किस्म है। इसकी फसल अवधि लगभग 80–85 दिन होती है। यह सूखा सहनशील है और सीमांत क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है।
2. **Sí–3156** – यह किस्म रोग प्रतिरोधक है और विशेष रूप से पत्ती धब्बा एवं ब्लास्ट रोग के प्रति सहनशील मानी जाती है। इसकी उपज स्थिर और दाने की गुणवत्ता अच्छी होती है।
3. **Prasad** – मध्यम अवधि की किस्म, जो विभिन्न प्रकार की मिट्टियों में उगाई जा सकती है। यह संतुलित उत्पादन और अच्छी पोषण गुणवत्ता के लिए जानी जाती है।
4. **DHFt–109** – यह किस्म सूखा सहनशील है और वर्षा आधारित क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करती है। इसके दाने मध्यम आकार के और पौष्टिक होते हैं।
5. **HMT–100–1** – यह किस्म उच्च गुणवत्ता वाले दाने प्रदान करती है और प्रसंस्करण उद्योग के लिए उपयुक्त है।
6. **SiA–326** – यह किस्म उच्च उत्पादन क्षमता और बेहतर अनुकूलन क्षमता के लिए जानी जाती है। यह विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में स्थिर उपज देती है।
7. **SiA–3088** – यह एक उन्नत किस्म है, जो मध्यम अवधि में पकती है और इसकी दाने की गुणवत्ता अच्छी होती है।

किस्म का चयन क्षेत्र की जलवायु, मिट्टी की उर्वरता, उपलब्ध संसाधनों और फसल प्रबंधन के आधार पर किया जाना चाहिए। सही किस्म का चयन कांगनी की खेती में सफलता की कुंजी है।

7. बुवाई का समय

कांगनी की फसल में सही समय पर बुवाई करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे अंकुरण, पौधों की वृद्धि, पुष्पन और दाना भरने की प्रक्रिया सीधे प्रभावित होती है। कांगनी मुख्यतः खरीफ मौसम की फसल है, इसलिए इसकी बुवाई मानसून की शुरुआत के साथ की जाती है। सामान्यतः जून से जुलाई का समय

बुवाई के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। इस समय पर्याप्त नमी और उपयुक्त तापमान उपलब्ध रहता है, जिससे बीज अंकुरण और प्रारंभिक वृद्धि अच्छी होती है। कुछ क्षेत्रों में, विशेषकर जहाँ सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, कांगनी की बुवाई रबी मौसम (अक्टूबर) में भी की जा सकती है। हालांकि, रबी फसल के लिए तापमान और नमी का विषेश ध्यान रखना आवश्यक होता है।

बीज दर सामान्यतः 8–10 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर होती है। बीज को 2–3 सेंटीमीटर की गहराई पर बोना उपयुक्त होता है, ताकि अंकुरण समान रूप से हो सके। बहुत गहराई पर बुवाई करने से अंकुरण धीमा हो जाता है, जबकि बहुत सतही बुवाई से बीज सूख सकते हैं। कतारबद्ध बुवाई अपनाना अधिक लाभकारी होता है। कतार से कतार की दूरी 20–25 सेंटीमीटर और पौधे से पौधे की दूरी 8–10 सेंटीमीटर रखना उपयुक्त होता है। इससे पौधों को पर्याप्त प्रकाश, वायु और पोषक तत्व मिलते हैं तथा खरपतवार नियंत्रण में भी सुविधा होती है। बुवाई से पहले बीज का उपचार करना आवष्यक है, जिससे बीजजनित रोगों से बचाव होता है। इसके लिए फफूंदनाशक या जैविक उपचार का उपयोग किया जा सकता है। समय पर और उचित विधि से बुवाई करने से फसल की वृद्धि संतुलित होती है, पौधे मजबूत बनते हैं और अंततः उपज एवं दाने की गुणवत्ता में वृद्धि होती है। इसके विपरीत, देर से बुवाई करने पर पौधों का विकास प्रभावित होता है, फूल और दाना भरने की प्रक्रिया बाधित होती है, जिससे उपज में कमी आ सकती है।

8. सिंचाई

कांगनी (फॉक्सटेल मिलेट) एक सूखा सहनशील फसल है, जो कम पानी की उपलब्धता में भी सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है। यही कारण है कि इसे वर्षा–आधारित और सीमांत क्षेत्रों में विशेष रूप से उगाया जाता है। हालांकि, उचित और समय पर सिंचाई प्रबंधन अपनाने से फसल की वृद्धि, दानों की संख्या तथा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया जा सकता है। कांगनी की जड़ प्रणाली अपेक्षाकृत उथली होती है, जिसके कारण यह मिट्टी की सतही नमी पर अधिक निर्भर रहती है। इसलिए खेत में नमी का संतुलन बनाए रखना आवश्यक होता है। यदि कांगनी की खेती वर्षा आधारित क्षेत्रों में की जा रही है, तो सामान्यतः अतिरिक्त सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती, बशर्ते वर्षा समय पर और पर्याप्त मात्रा में हो। लेकिन यदि वर्षा अनियमित या कम हो, तो 2–3 सिंचाइयों की व्यवस्था करनी चाहिए।

महत्वपूर्ण सिंचाई अवस्थाएँः

1. **अंकुरण अवस्था :** बुवाई के तुरंत बाद यदि मिट्टी में पर्याप्त नमी नहीं है, तो हल्की सिंचाई करनी चाहिए, जिससे बीज अंकुरण समान और तेज हो सके।

2. **वृद्धि अवस्था :** इस चरण में पौधों की जड़ें और पत्तियाँ विकसित होती हैं। इस समय नमी की कमी से पौधों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है।
3. **पुष्पन अवस्था :** यह सबसे महत्वपूर्ण अवस्था है। इस समय पानी की कमी से फूल झड़ सकते हैं, जिससे दानों की संख्या कम हो जाती है।
4. **दाना भरने की अवस्था :** इस समय सिंचाई करने से दानों का आकार, वजन और गुणवत्ता बेहतर होती है।

सिंचाई प्रबंधन के मुख्य बिंदुः

- कुल 2–3 सिंचाई पर्याप्त होती हैं (वर्षा पर निर्भर)।
- सिंचाई के बीच 15–20 दिनों का अंतर रखा जा सकता है।
- हल्की और सतही सिंचाई अधिक उपयुक्त होती है।
- जलभराव से बचना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे जड़ों में सड़न और रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है।

9. पोषक तत्व एवं उर्वरक प्रबंधन

कांगनी की फसल के लिए संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह पौधों की वृद्धि, दानों के विकास और अंतिम उपज को सीधे प्रभावित करता है। यद्यपि कांगनी कम उर्वरता वाली मिट्टी में भी उगाई जा सकती है, लेकिन उचित उर्वरक प्रबंधन अपनाने से इसकी उत्पादकता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है।

मुख्य पोषक तत्व :

1. **नाइट्रोजन :** नाइट्रोजन पौधों की पत्तियों, तनों और समग्र वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक तत्व है। इसकी पर्याप्त मात्रा से पौधे हरे–भरे और मजबूत बनते हैं।

- 40–50 किग्रा/हेक्टेयर
- आधी मात्रा बुवाई के समय और शेष मात्रा 25–30 दिन बाद दी जाती है।

2. फॉस्फोरस : यह जड़ों के विकास, पुष्पन और दाना बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

- 30–40 किग्रा/हेक्टेयर
- पूरी मात्रा बुवाई के समय दी जाती है।

3. पोटाश : यह पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता, जल संतुलन और दाना भरने में सहायक होता है।

- 20–30 किग्रा/हेक्टेयर

सूक्ष्म पोषक तत्व

कांगनी की फसल में जिंक, बोरॉन और आयरन जैसे सूक्ष्म तत्वों की भी आवश्यकता होती है। इनकी कमी से पौधों में पीलापन, कमजोर वृद्धि और कम दाना बनना जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं।

- जिंक सल्फेटः 20–25 किग्रा/हेक्टेयर (मृदा में)
- बोरॉनः आवश्यकता अनुसार छिड़काव

जैविक उर्वरक का उपयोगः

कांगनी की खेती में जैविक खाद का उपयोग अत्यंत लाभकारी होता है।

- गोबर की खाद कम्पोस्टः 5–10 टन/हेक्टेयर
- वर्मी–कम्पोस्टः 2–3 टन/हेक्टेयर

10. खरपतवार प्रबंधन

कांगनी की फसल में खरपतवार एक प्रमुख समस्या है, विशेषकर प्रारंभिक वृद्धि अवस्था में। खरपतवार फसल के साथ पोषक तत्व, जल, प्रकाश और स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिससे फसल की वृद्धि और उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

खरपतवारों का प्रभावः

- पौधों की वृद्धि में कमी
- पोषक तत्वों की कमी
- उपज में 20–30ः तक गिरावट
- रोग और कीटों का आश्रय स्थल

प्रमुख खरपतवारः

- चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारः अमरन्थस, चेनोपोडियम
- घास वर्गीय खरपतवारः एचिनोक्लोआ, साइनोडॉन
- अन्यः सोलानम, पोर्टुलाका

खरपतवार नियंत्रण की विधियाँः

1. सांस्कृतिक विधियाँ :

- समय पर बुवाईः फसल जल्दी स्थापित होती है और खरपतवार कम बढ़ते हैं।
- कतारबद्ध बुवाईः पौधों के बीच उचित दूरी रखने से खरपतवार नियंत्रण आसान होता है।

- फसल चक्र : विभिन्न फसलों के क्रम से खरपतवार का चक्र टूटता है।

2. यांत्रिक विधियाँ :

- निराई–गुड़ाई :
- पहली निराईः 15–20 दिन बाद
- दूसरी निराईः 30–35 दिन बाद
- हाथ से या छोटे औजारों द्वारा खरपतवार हटाना प्रभावी होता है।

11. फसल सुरक्षा

कांगनी (फॉक्सटेल मिलेट) की फसल में कीट एवं रोगों का प्रभाव फसल की विभिन्न अवस्थाओं—अंकुरण, वृद्धि, पुष्पन और दाना भरने पर पड़ता है। यद्यपि यह फसल अपेक्षाकृत सहनशील मानी जाती है, फिर भी प्रतिकूल जलवायु, असंतुलित उर्वरक उपयोग और अनुचित प्रबंधन के कारण कीट एवं रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है। फसल सुरक्षा के लिए नियमित निगरानी, समय पर पहचान और समेकित कीट एवं रोग प्रबंधन अपनाना अत्यंत आवश्यक है। जैविक, सांस्कृतिक और रासायनिक विधियों के संतुलित उपयोग से फसल को सुरक्षित रखा जा सकता है और उच्च गुणवत्ता की उपज प्राप्त की जा सकती है।

1. कीट एवं उनका प्रबंधन

कांगनी की फसल में विभिन्न प्रकार के कीट पत्तियों, तनों, जड़ों और दानों को नुकसान पहुंचाते हैं। ये कीट पौधों का रस चूसते हैं, पत्तियाँ खाते हैं या तनों को नुकसान पहुंचाकर फसल की वृद्धि और उत्पादन को प्रभावित करते हैं।

प्रमुख कीटः

1. तना छेदक : यह कांगनी का एक प्रमुख कीट है, जिसकी सुंडी तने के अंदर प्रवेश कर उसे खोखला कर देती है।

लक्षणः

- पौधों का मुरझाना
- तनों का कमजोर होना
- दाना बनने में कमी

प्रबंधनः

- समय पर बुवाई करें
- संक्रमित पौधों को निकालकर नष्ट करें

- ट्राइकोग्रामा जैसे जैविक एजेंट का उपयोग
- आवश्यकता अनुसार अनुशंसित कीटनाशकों का छिड़काव

2. पत्ती भक्षक कीट : यह कीट पत्तियों को खाकर पौधों की प्रकाश संश्लेषण क्षमता को कम कर देता है।

लक्षणः

- पत्तियों में छेद
- पत्तियों का कटा–फटा होना

प्रबंधनः

- खेत की नियमित निगरानी
- नीम आधारित कीटनाशक (Neem oil) का छिड़काव
- अधिक प्रकोप होने पर सुरक्षित रासायनिक कीटनाशक का प्रयोग

3. एफिड : ये छोटे कीट पत्तियों और कोमल भागों का रस चूसते हैं।

लक्षणः

- पत्तियों का पीला पड़ना
- चिपचिपा पदार्थ
- पौधों की वृद्धि रुकना

प्रबंधनः

- पीले चिपचिपे ट्रैप का उपयोग
- नीम तेल या साबुन घोल का छिड़काव
- आवश्यकतानुसार कीटनाशक का प्रयोग

4. शूट फ्लाई : यह कीट प्रारंभिक अवस्था में पौधों को प्रभावित करता है।

लक्षणः

- अंकुरित पौधों का सूखना

प्रबंधनः

- समय पर बुवाई
- बीज उपचार
- खेत की स्वच्छता बनाए रखना

2. रोग एवं उनका प्रबंधन

कांगनी की फसल में विभिन्न फफूंदजनित, जीवाणुजनित और कभी–कभी विषाणुजनित रोग भी देखे जाते हैं, जो पत्तियों, तनों और दानों को प्रभावित करते हैं।

प्रमुख रोगः

1. ब्लास्ट : यह कांगनी का सबसे प्रमुख रोग है।

लक्षणः

- पत्तियों पर धूसर या भूरे धब्बे
- तनों और दानों पर संक्रमण
- दाना भरने में कमी

प्रबंधनः

- रोगरोधी किस्मों का चयन
- संतुलित नाइट्रोजन उपयोग
- कार्बेन्डाजिम या ट्राइसाइक्लाजोल जैसे फफूंदनाशकों का छिड़काव

2. रस्ट : यह फफूंदजनित रोग है, जो पत्तियों को प्रभावित करता है।

लक्षणः

- पत्तियों पर भूरेध्लाल रंग के धब्बे
- पत्तियों का सूखना

प्रबंधनः

- समय पर बुवाई
- संक्रमित पौधों को हटाना
- सल्फर आधारित फफूंदनाशकों का छिड़काव

3. पत्ती धब्बा

लक्षणः

- पत्तियों पर गोल या अनियमित धब्बे
- पत्तियों का झड़ना

प्रबंधनः

- रोग मुक्त बीज का उपयोग

- फसल चक्र अपनाना
- फफूंदनाशक का छिड़काव

4. डाउनी मिल्ड्यू : यह रोग अधिक आर्द्रता में तेजी से फैलता है।

लक्षणः

- पत्तियों पर सफेद या धूसर परत
- पौधों का कमजोर होना

प्रबंधनः

- अच्छी जल निकासी
- उचित दूरी पर बुवाई
- मेटालेक्सिल आधारित फफूंदनाशक का प्रयोग

कांगनी की फसल में कीट एवं रोगों का प्रभाव सीधे उपज और गुणवत्ता पर पड़ता है। समय पर पहचान, नियमित निगरानी और समेकित प्रबंधन अपनाकर इन समस्याओं को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। फसल सुरक्षा के लिए जैविक, सांस्कृतिक और रासायनिक उपायों का संतुलित उपयोग ही दीर्घकालीन और टिकाऊ कृषि प्रणाली के लिए सबसे उपयुक्त रणनीति है। इससे न केवल उत्पादन बढ़ता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय में भी वृद्धि होती है।

12. उपज

कांगनी (फॉक्सटेल मिलेट) की फसल की उपज अनेक कारकों पर निर्भर करती है, जैसे–उन्नत किस्मों का चयन, मृदा की उर्वरता, जलवायु परिस्थितियाँ, बुवाई का समय, सिंचाई प्रबंधन, पोशक तत्वों की उपलब्धता तथा फसल सुरक्षा उपाय। इन सभी कारकों का समुचित प्रबंधन करने से कांगनी की उपज में उल्लेखनीय वृद्धि प्राप्त की जा सकती है। सामान्य परिस्थितियों में कांगनी की औसत उपज लगभग 1.5 से 2.0 टन प्रति हेक्टेयर होती है। यदि उन्नत किस्मों का चयन किया जाए और वैज्ञानिक कृषि तकनीकों का पालन किया जाए, तो यह उपज बढ़कर 2.0 से 2.5 टन प्रति हेक्टेयर तक प्राप्त की जा सकती है। कुछ उन्नत कृषि प्रणालियों और अनुकूल परिस्थितियों में यह उपज इससे भी अधिक हो सकती है। कांगनी के दाने छोटे, गोल और हल्के पीले या सुनहरे रंग के होते हैं। उच्च गुणवत्ता वाले दानों का आकार समान, वजन अधिक और पोषण मूल्य उच्च होता है, जो बाजार में बेहतर मूल्य दिलाते हैं।

13. प्रसंस्कृत उत्पाद / मूल्य संवर्धन

कांगनी (फॉक्सटेल मिलेट) एक उच्च पोशण और ग्लूटेन–फ्री अनाज होने के कारण आधुनिक खाद्य उद्योग में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इसके प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से न केवल इसके उपयोग के विविध रूप विकसित हुए हैं, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। कांगनी को सीधे कच्चे अनाज के रूप में बेचने के बजाय विभिन्न प्रसंस्कृत उत्पादों में बदलकर अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए प्राथमिक प्रसंस्करण और द्वितीयक प्रसंस्करण दोनों आवश्यक हैं।

प्रमुख प्रसंस्कृत उत्पादः

1. **कांगनी का आटा :** कांगनी के दानों को पीसकर तैयार किया जाता है। इसका उपयोग रोटी, पराठा, केक, बिस्कुट और अन्य बेकरी उत्पादों में किया जाता है। यह आटा ग्लूटेन–फ्री और उच्च फाइबर युक्त होता है।
2. **कांगनी फ्लेक्स** : दानों को भिगोकर, भाप में पकाकर और सुखाकर फ्लेक्स बनाए जाते हैं। यह नाश्ते के लिए म्यूजली, कॉर्नफ्लेक्स के विकल्प और हेल्दी स्नैक के रूप में उपयोग होता है।
3. **रेडी–टू–ईट उत्पाद** : कांगनी से इंस्टेंट उपमा, खिचड़ी, दलिया और रेडी–टू–कुक मिक्स तैयार किए जाते हैं, जो शहरी उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय हैं।
4. **नूडल्स और पास्ताः** कांगनी के आटे से ग्लूटेन–फ्री नूडल्स और पास्ता बनाए जाते हैं, जो स्वास्थ्यवर्धक विकल्प के रूप में बाजार में उपलब्ध हैं।
5. **बिस्कुट और बेकरी उत्पादः** कांगनी के आटे से कुकीज, बिस्कुट, ब्रेड और केक तैयार किए जाते हैं, जिनमें पोषण मूल्य अधिक होता है।
6. **एनर्जी बार और हेल्थ स्नैक्सः** कांगनी को अन्य सूखे मेवों और अनाजों के साथ मिलाकर एनर्जी बार और पौश्टिक स्नैक्स बनाए जाते हैं।
7. **मल्टीग्रेन उत्पादः** कांगनी को ज्वार, बाजरा, रागी आदि के साथ मिलाकर मल्टीग्रेन आटा, ब्रेड और स्नैक्स तैयार किए जाते हैं।

मूल्य संवर्धन के लाभः

- कच्चे दानों की तुलना में अधिक बाजार मूल्य प्राप्त होता है।
- उत्पाद की शेल्फ लाइफ और गुणवत्ता में सुधार होता है।
- स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पादों की बढ़ती मांग का लाभ मिलता है।

- किसानों और उद्यमियों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर उत्पन्न होते हैं।

व्यावसायिक और विपणन पहलू:

- कांगनी उत्पादों की ब्रांडिंग और पैकेजिंग से बाजार में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है।
- जैविक (Organic) और ग्लूटेन–फ्री प्रमाणन से उत्पाद की मांग और कीमत दोनों बढ़ती हैं।
- किसान उत्पादक संगठन (FPO) के माध्यम से सामूहिक प्रसंस्करण और विपणन अधिक लाभकारी होता है।

कांगनी के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से इस पारंपरिक फसल को आधुनिक बाजार से जोड़ा जा सकता है। इससे न केवल इसकी मांग और उपयोगिता बढ़ती है, बल्कि किसानों को अधिक लाभ और स्थायी आय का स्रोत भी प्राप्त होता है। कांगनी को "स्मार्ट फूड" के रूप में विकसित कर इसे पोषण सुरक्षा, स्वास्थ्य संवर्धन और टिकाऊ कृषि प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जा सकता है।

अध्याय ७

सांवा (बार्नयार्ड मिलेट)

1. परिचय

सांवा एक महत्वपूर्ण लघु अनाज फसल है, जो अपनी अल्प अवधि, उच्च पोषण मूल्य तथा सूखा सहनशीलता के कारण विशेष रूप से जानी जाती है। यह फसल मुख्यतः शुष्क एवं अर्ध–शुष्क क्षेत्रों में उगाई जाती है, जहाँ अन्य अनाज फसलों का उत्पादन कठिन होता है। यह फसल बहुत कम अवधि (लगभग 45–70 दिन) में तैयार हो जाती है, जिससे इसे फसल चक्र में आसानी से शामिल किया जा सकता है। इसकी यह विशेषता इसे आपातकालीन फसल के रूप में भी महत्वपूर्ण बनाती है, विशेषकर जब मुख्य फसलें असफल हो जाएँ। सांवा कम वर्षा एवं सीमित संसाधनों वाली परिस्थितियों में भी अच्छी उपज देने की क्षमता रखता है। इसकी जल एवं उर्वरक की आवश्यकता अन्य अनाज फसलों की तुलना में कम होती है, जिससे यह छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए एक उपयुक्त विकल्प है। पोषण की दृष्टि से भी सांवा अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें आहार रेशा (डाइटरी फाइबर), आयरन, कैल्शियम एवं अन्य खनिज तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। यह एक ग्लूटेन–फ्री अनाज है, जो स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। वर्तमान समय में मिलेट्स को "न्यूट्री–सिरियल्स" के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे सांवा का महत्व और अधिक बढ़ गया है। यह फसल न केवल पोषण सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दौर में टिकाऊ कृषि प्रणाली के लिए भी एक आदर्श विकल्प है।

2. वनस्पतिक नाम, स्थानीय नाम एवं कुल (फैमिली)

सांवा (बार्नयार्ड मिलेट) एक प्रमुख लघु अनाज फसल है, जो घास कुल से संबंधित है। यह फसल अपनी तीव्र वृद्धि, अल्प अवधि तथा प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अनुकूलन क्षमता के लिए जानी जाती है।

- कुलः *Poaceae*
- वंशः *Echinochloa*
- प्रजातिः *Echinochloa frumentacea*

भारत में मुख्यतः *Echinochloa frumentacea* (भारतीय बार्नयार्ड मिलेट) की खेती की जाती है, जबकि *Echinochloa esculenta* (जापानी बार्नयार्ड मिलेट) भी कुछ क्षेत्रों में पाई जाती है।

स्थानीय नाम

सांवा विभिन्न क्षेत्रों में अलग–अलग नामों से जाना जाता है, जैसे

- हिंदी – सांवा, सामा
- उत्तराखंड – झंगोरा
- मराठी – भगर
- गुजराती – सामो
- तमिल – कुदिरावली
- तेलुगु – उदलु
- कन्नड़ – ओदलु

विशेषताएँ

- यह एक वार्षिक घासीय फसल है।
- पौधे मध्यम ऊँचाई के, झाड़ीदार तथा तेजी से बढ़ने वाले होते हैं।
- इसकी जड़ें उथली होती हैं, जो कम नमी में भी कार्य कर सकती हैं।
- पुष्पक्रम (Inflorescence) पैनिकल (Panicle) प्रकार का होता है।
- बीज छोटे, गोल एवं हल्के रंग के होते हैं।

3. पोषण मूल्य

सांवा (बार्नयार्ड मिलेट) एक अत्यंत पौष्टिक लघु अनाज है, जिसे "न्यूट्री–सिरियल" के रूप में भी जाना जाता है। इसमें विभिन्न आवश्यक पाषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। यह विशेष रूप से उच्च आहार रेशा (डाइटरी फाइबर) एवं खनिज तत्वों का अच्छा स्रोत है।

प्रमुख पोषक तत्व (प्रति 100 ग्राम अनाज में)

पोषक तत्व	मात्रा (लगभग)
ऊर्जा	300–320 किलो कैलोरी
कार्बोहाइड्रेट	60–65 ग्राम
प्रोटीन	6–8 ग्राम
वसा	2–3 ग्राम
आहार रेशा (फाइबर)	9–12 ग्राम
कैल्शियम	10–15 मि.ग्रा.
आयरन	4–6 मि.ग्रा.
फॉस्फोरस	250–280 मि.ग्रा.

पोषण संबंधी विशेषताएँ

- यह ग्लूटेन–फ्री अनाज है, जो ग्लूटेन असहिष्णुता (Celiac disease) से पीड़ित लोगों के लिए उपयुक्त है।
- इसमें उच्च मात्रा में डाइटरी फाइबर पाया जाता है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में सहायक होता है।
- कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (Low Glycemic Inde) होने के कारण यह मधुमेह रोगियों के लिए लाभकारी है।
- इसमें उपस्थित आयरन रक्त में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में सहायक होता है।
- कैल्षियम एवं फॉस्फोरस हड्डियों एवं दांतों को मजबूत बनाते हैं।
- यह एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं।

स्वास्थ्य में महत्व

सांवा का नियमित सेवन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जैसे–

- पाचन तंत्र को मजबूत बनाना
- हृदय रोगों के जोखिम को कम करना
- वजन नियंत्रण में सहायता
- मधुमेह नियंत्रण में सहायक
- शरीर को ऊर्जा एवं पोषण प्रदान करना

4. वृद्धि हेतु जलवायु

सांवा (बार्नयार्ड मिलेट) एक ऐसी फसल है, जो विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में आसानी से उगाई जा सकती है। यह विशेष रूप से शुष्क एवं अर्ध–शुष्क क्षेत्रों के लिए उपयुक्त फसल है तथा प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अच्छा उत्पादन देने की क्षमता रखती है।

तापमान : सांवा की अच्छी वृद्धि के लिए 20°C से 30°C तापमान उपयुक्त माना जाता है। अंकुरण के समय मध्यम तापमान आवश्यक होता है, जबकि अत्यधिक ठंड या पाला फसल के लिए हानिकारक होता है।

वर्षा : इस फसल के लिए 40–60 सेमी वार्षिक वर्षा पर्याप्त होती है। यह फसल कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है, इसलिए इसे वर्षा आधारित कृषि के लिए उपयुक्त माना जाता है।

प्रकाश : सांवा एक प्रकाश प्रिय फसल है, जिसके लिए पर्याप्त धूप आवश्यक होती है। अच्छी सूर्य किरणों की उपलब्धता से पौधों की वृद्धि एवं दानों का विकास बेहतर होता है।

आर्द्रता : मध्यम आर्द्रता फसल के लिए लाभकारी होती है। अत्यधिक आर्द्रता की स्थिति में रोगों की संभावना बढ़ जाती है।

विशेष अनुकूलन क्षमता

- यह फसल सूखा सहनशील होती है।
- कम अवधि (45–70 दिन) के कारण यह प्रतिकूल परिस्थितियों से जल्दी निकल जाती है।
- यह फसल कम उर्वरता वाली भूमि एवं सीमित संसाधनों में भी अच्छी तरह विकसित हो सकती है।

5. मृदा

सांवा (बार्नयार्ड मिलेट) एक ऐसी फसल है, जो विभिन्न प्रकार की मृदाओं में उगाई जा सकती है। यह फसल विशेष रूप से कम उर्वरता वाली भूमि में भी अच्छी उपज देने की क्षमता रखती है, जिससे यह सीमांत एवं छोटे किसानों के लिए उपयुक्त विकल्प बनती है। सांवा के लिए बलुई दोमट (Sandy loam) एवं दोमट मृदा सर्वाधिक उपयुक्त मानी जाती है। ऐसी मृदाओं में जल निकास अच्छा होता है, जो फसल की वृद्धि के लिए आवश्यक है। इस फसल के लिए मृदा का pH 5.5 से 7. 5 के बीच उपयुक्त होता है। हल्की अम्लीय से लेकर तटस्थ मृदा में इसका विकास

अच्छा होता है। अच्छा जल निकास आवश्यक है, क्योंकि जलभराव की स्थिति में पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है तथा जड़ों में सड़न की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

6. उन्नत किस्में

सांवा (बार्नयार्ड मिलेट) की उन्नत किस्मों का चयन अधिक उपज, रोग–प्रतिरोधक क्षमता एवं विभिन्न जलवायु परिस्थितियों के अनुकूलता के आधार पर किया जाता है। भारत में विभिन्न कृषि अनुसंधान संस्थानों द्वारा कई उन्नत किस्में विकसित की गई हैं, जो किसानों को बेहतर उत्पादन प्रदान करती हैं।

प्रमुख उन्नत किस्में

किस्म का नाम	विशेषताएँ	अवधि (दिन)
VL 172	उच्च उपज, पर्वतीय क्षेत्रों के लिए उपयुक्त	60–65
VL 207	शीघ्र पकने वाली, रोग प्रतिरोधी	55–60
VL 29	मध्यम अवधि, अच्छी दाना गुणवत्ता	60–70
PRJ 1	सूखा सहनशील, अच्छी उपज	50–60
PRJ 2	कम अवधि, वर्षा आधारित क्षेत्रों के लिए उपयुक्त	45–55
DHBM 93&3	अधिक उपज देने वाली, अनुकूलन क्षमता अच्छी	60–70

किस्म चयन के लिए ध्यान देने योग्य बिंदु

- क्षेत्र की जलवायु एवं वर्षा की स्थिति के अनुसार किस्म का चयन करना चाहिए।
- कम अवधि वाली किस्में सूखा एवं वर्शा आधारित क्षेत्रों के लिए अधिक उपयुक्त होती हैं।
- रोग एवं कीट प्रतिरोधी किस्मों को प्राथमिकता देनी चाहिए।
- उच्च उत्पादन के लिए प्रमाणित एवं शुद्ध बीज का उपयोग करना चाहिए।

उन्नत किस्मों के लाभ

- अधिक उपज प्राप्त होती है
- रोग एवं कीटों का कम प्रकोप
- प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन
- बेहतर दाना गुणवत्ता एवं बाजार मूल्य

7. बुवाई का समय

सांवा (बार्नयार्ड मिलेट) एक अल्प अवधि की फसल है, जिसकी बुवाई का समय मुख्यतः वर्षा (मानसून) की उपलब्धता पर निर्भर करता है। समय पर बुवाई करने से फसल की अच्छी वृद्धि एवं अधिक उत्पादन प्राप्त होता है।

खरीफ फसल सांवा की बुवाई सामान्यतः खरीफ मौसम में की जाती है। इसके लिए उपयुक्त समय जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई मध्य तक माना जाता है, जब मानसून की वर्शा प्रारंभ हो जाती है। वर्षा आधारित क्षेत्रों में वर्षा आधारित क्षेत्रों में बुवाई का समय पहली अच्छी वर्षा के तुरंत बाद होना चाहिए, ताकि अंकुरण एवं प्रारंभिक वृद्धि के लिए पर्याप्त नमी उपलब्ध हो सके। सिंचित क्षेत्रों में जहाँ सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, वहाँ बुवाई को कुछ हद तक समायोजित किया जा सकता है, लेकिन सामान्यतः मानसून के साथ ही बुवाई करना अधिक लाभकारी होता है।

बुवाई से संबंधित सुझाव

- समय पर बुवाई करने से फसल की अवधि (45–70 दिन) का पूरा लाभ मिलता है।
- अच्छी वर्षा के साथ बुवाई करने पर अंकुरण बेहतर होता है।
- बुवाई से पहले खेत की उचित तैयारी एवं नमी का ध्यान रखना चाहिए।

8. सिंचाई

सांवा (बार्नयार्ड मिलेट) एक सूखा सहनशील फसल है, जिसे सामान्यतः अधिक सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती। यह फसल मुख्यतः वर्षा आधारित (Rainfed) परिस्थितियों में सफलतापूर्वक उगाई जाती है।

सिंचाई की आवश्यकता

- सामान्यतः सांवा की फसल को 1–2 हल्की सिंचाइयों की आवश्यकता होती है, यदि वर्षा पर्याप्त न हो।
- अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सिंचाई की आवष्यकता नहीं होती।

महत्वपूर्ण अवस्थाएँ

फसल की निम्न अवस्थाओं पर नमी की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है–

1. अंकुरण अवस्था
2. टिलरिंग अवस्था
3. फूल आने एवं दाना भरने की अवस्था

इन अवस्थाओं पर नमी की कमी होने से उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

9. पोषक तत्व एवं उर्वरक प्रबंधन

सांवा (बार्नयार्ड मिलेट) एक कम संसाधन वाली फसल है, जो कम उर्वरता वाली भूमि में भी उगाई जा सकती है। फिर भी संतुलित पोशक तत्व प्रबंधन अपनाने से फसल की वृद्धि एवं उपज में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

पोषक तत्वों की आवश्यकता

सामान्यतः सांवा के लिए निम्न उर्वरकों की सिफारिश की जाती है

- नाइट्रोजन – 40–60
- फास्फोरस – 20–30
- पोटाश – 20–30

उर्वरकों का प्रयोग

- नाइट्रोजन की आधी मात्रा बुवाई के समय तथा शेष आधी मात्रा टिलरिंग अवस्था में टॉप ड्रेसिंग के रूप में दी जाती है।
- फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुवाई के समय मिट्टी में मिला दी जाती है।

जैविक खाद का उपयोग

- गोबर की सड़ी हुई खादया कम्पोस्ट 5–10 टन/हेक्टेयर की दर से बुवाई से पहले खेत में मिलाना लाभकारी होता है।
- इससे मृदा की संरचना, जल धारण क्षमता एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है।

सूक्ष्म पोषक तत्व

- जिंक की कमी होने पर जिंक सल्फेट का प्रयोग किया जा सकता है।
- सूक्ष्म पोषक तत्वों का संतुलित उपयोग फसल की गुणवत्ता को सुधारता है।

उर्वरक प्रबंधन के लाभ

- पौधों की बेहतर वृद्धि एवं विकास
- अधिक टिलरिंग एवं दानों की संख्या में वृद्धि
- उपज एवं गुणवत्ता में सुधार
- मृदा की उर्वरता में वृद्धि

10. खरपतवार प्रबंधन

सांवा (बार्नयार्ड मिलेट) की फसल में प्रारंभिक अवस्था में खरपतवारों का प्रकोप अधिक होता है, जिससे फसल के साथ पोषक तत्व, जल एवं प्रकाश के लिए प्रतिस्पर्धा होती है। यदि समय पर खरपतवार नियंत्रण न किया जाए, तो उपज में उल्लेखनीय कमी हो सकती है।

नियंत्रण के उपाय

1. सांस्कृतिक विधियाँ

- समय पर बुवाई एवं उचित दूरी बनाए रखना
- साफ एवं शुद्ध बीज का उपयोग
- खेत की अच्छी तैयारी

2. यांत्रिक विधियाँ

- बुवाई के 15–20 दिन बाद पहली निराई–गुड़ाई
- आवश्यकतानुसार 30–35 दिन पर दूसरी निराई–गुड़ाई
- खुरपी या हल्के कृषि यंत्रों का उपयोग

3. रासायनिक विधियाँ

- आवश्यकता होने पर प्री–इमर्जेंस खरपतवारनाशी जैसे पेंडीमेथालिन का उपयोग किया जा सकता है।
- खरपतवारनाशी का प्रयोग सावधानीपूर्वक एवं अनुशंसित मात्रा में करना चाहिए।

11. फसल सुरक्षा

सांवा (बार्नयार्ड मिलेट) की फसल सामान्यतः अन्य अनाज फसलों की तुलना में कीट एवं रोगों के प्रति अपेक्षाकृत सहनशील होती है, फिर भी अनुकूल पर्यावरणीय परिस्थितियों (अधिक आर्द्रता, तापमान में उतार–चढ़ाव, असंतुलित उर्वरक उपयोग आदि) में कुछ कीट एवं रोग फसल को गंभीर क्षति पहुँचा सकते हैं। अतः समेकित फसल सुरक्षा अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

1. प्रमुख कीट एवं उनका प्रबंधन

1. तना छेदक

लक्षणः

- कीट की सुंडी तने के अंदर प्रवेश कर जाती है।
- पौधे की बढ़वार रुक जाती है एवं "डेड हार्ट" बन जाता है।
- प्रभावित पौधे सूख जाते हैं।

प्रबंधनः

- समय पर बुवाई एवं संतुलित उर्वरक का उपयोग करें।
- प्रभावित पौधों को उखाड़कर नष्ट करें।

- फेरोमोन ट्रैप का उपयोग कर कीट की निगरानी करें।
- अधिक प्रकोप होने पर अनुशंसित कीटनाशकों का छिड़काव करें।

2. टिड्डी / फुदका

लक्षणः

- पत्तियों को कुतरकर खा जाते हैं, जिससे पत्तियाँ छिद्रयुक्त हो जाती हैं।
- अधिक प्रकोप में पौधे पूरी तरह नष्ट हो सकते हैं।

प्रबंधनः

- खेत की नियमित निगरानी करें।
- प्रारंभिक अवस्था में हाथ से पकड़कर नष्ट करें (छोटे क्षेत्रों में)।
- प्रकाश प्रपंच (Light trap) का उपयोग करें।
- आवश्यकता अनुसार कीटनाशकों का प्रयोग करें।

3. माहू

लक्षणः

- पत्तियों एवं कोमल भागों से रस चूसते हैं।
- पत्तियाँ पीली पड़ जाती हैं एवं सिकुड़ जाती हैं।
- "हनीड्यू" स्राव के कारण काली फफूंदी विकसित हो सकती है।

प्रबंधनः

- नीम आधारित जैविक कीटनाशकों (नीम तेल) का छिड़काव करें।
- लेडीबर्ड बीटल जैसे प्राकृतिक शत्रुओं का संरक्षण करें।
- अधिक प्रकोप होने पर अनुशंसित रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग करें।

2. प्रमुख रोग एवं उनका प्रबंधन

1. पत्ती धब्बा रोग

लक्षणः

- पत्तियों पर छोटे–छोटे भूरे या काले धब्बे बनते हैं।
- धब्बे बढ़कर आपस में मिल जाते हैं, जिससे पत्तियाँ सूखने लगती हैं।

प्रबंधनः

- रोग प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें।

- संक्रमित पौधों एवं अवशेषों को नष्ट करें।
भारत में राजगीरा की खेती उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु तथा हिमालयी क्षेत्रों में की जाती है। यह फसल खरीफ एवं कुछ स्थानों पर रबी मौसम में भी उगाई जाती है। वर्तमान समय में संतुलित आहार तथा पोषण सुरक्षा के लिए राजगीरा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। पोषण की दृष्टि से राजगीरा अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें विशेष रूप से लाइसीन अमीनो अम्ल पाया जाता है, जो अन्य अनाजों में कम मात्रा में मिलता है। इसके अलावा इसमें आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस तथा अन्य खनिज तत्व भी पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। राजगीरा ग्लूटेन–फ्री होता है, इसलिए यह ग्लूटेन संवेदनशील व्यक्तियों तथा मधुमेह रोगियों के लिए भी लाभदायक माना जाता है।

2. वानस्पतिक नाम, स्थानीय नाम एवं कुल

राजगीरा (अमरंथ) एक महत्वपूर्ण फसल है, जो अमरैंथेसी कुल की सदस्य है। यह एक शाकीय पौधा है, जिसकी वृद्धि तीव्र होती है तथा यह विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में आसानी से उगाया जा सकता है। राजगीरा की कई प्रजातियाँ पाई

जाती हैं, जिनमें कुछ का उपयोग अनाज के रूप में तथा कुछ का उपयोग पत्तेदार सब्जी के रूप में किया जाता है।

वानस्पतिक वर्गीकरण :

- वानस्पतिक नाम : *Amaranthus spp.*
- कुल : *Amaranthaceae*
- वंश : *Amaranthu*
- जाति : विभिन्न प्रजातियाँ (जैसे *Amaranthus hypochondriacus*, *Amaranthus cruentus*, *Amaranthus caudatu*)

राजगीरा का पौधा सामान्यतः 1 से 2 मीटर तक ऊँचा होता है। इसका तना सीधा, मजबूत तथा कुछ हद तक रसीला होता है। पौधे में शाखाएँ कम या अधिक हो सकती हैं, जो प्रजाति पर निर्भर करती हैं। इसकी पत्तियाँ चौड़ी, अंडाकार या लैंसीओलेट आकार की होती हैं तथा इनका रंग हरा या लाल हो सकता है। राजगीरा के पौधे के शीर्ष पर पुष्पक्रम गुच्छेदार (पैनिकल या स्पाइक) प्रकार का होता है, जिसमें छोटे–छोटे फूल होते हैं। इन फूलों से अत्यंत छोटे, गोलाकार तथा हल्के रंग (सफेद, क्रीम या हल्के भूरे) के बीज विकसित होते हैं। यही बीज खाद्य उपयोग के लिए प्रयुक्त होते हैं।

स्थानीय नाम : भारत के विभिन्न क्षेत्रों में राजगीरा को अलग–अलग नामों से जाना जाता है–

- हिंदीः राजगीरा, चौलाई
- अंग्रेजीः *Amaranth*
- संस्कृतः राजगिरि
- मराठीः राजगिरा
- गुजरातीः राजगिरो
- तमिलः कीरै
- तेलुगुः थोताकूरा
- कन्नड़ः दंथा सॉप्पु
- मलयालमः चीर

3. पोषण मूल्य

राजगीरा (अमरंथ) एक अत्यंत पौष्टिक लघु अनाज है, जिसे "सुपर फूड" के रूप में भी जाना जाता है। यह मानव स्वास्थ्य के लिए आवश्यक विभिन्न पोषक तत्वों

का समृद्ध स्रोत है। राजगीरा के दानों में कार्बोहाइड्रेट, उच्च गुणवत्ता का प्रोटीन, वसा, आहार रेशा (डाइटरी फाइबर), विटामिन तथा खनिज तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। राजगीरा की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें लाइसीन (Lysine) नामक आवश्यक अमीनो अम्ल प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो सामान्यतः अन्य अनाजों में कम होता है। यह शरीर की वृद्धि एवं ऊतकों के निर्माण में सहायक होता है। इसके अतिरिक्त इसमें मेथियोनीन एवं ट्रिप्टोफैन जैसे अन्य आवश्यक अमीनो अम्ल भी पाए जाते हैं, जिससे इसका प्रोटीन उच्च गुणवत्ता का माना जाता है।

राजगीरा में आहार रेशा (फाइबर) की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने तथा कब्ज जैसी समस्याओं को कम करने में सहायक होती है। इसमें आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम तथा मैग्नीशियम जैसे खनिज तत्व भी पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर के समुचित विकास तथा विभिन्न शारीरिक क्रियाओं के लिए आवश्यक होते हैं। राजगीरा ग्लूटेन–फ्री होता है, इसलिए यह ग्लूटेन से संवेदनशील व्यक्तियों के लिए उपयुक्त आहार है। साथ ही इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स अपेक्षाकृत कम होता है, जिससे यह मधुमेह रोगियों के लिए भी लाभदायक माना जाता है। इसके नियमित सेवन से हृदय स्वास्थ्य में सुधार, हड्डियों की मजबूती तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायता मिलती है।

प्रति 100 ग्राम राजगीरा के दानों में औसतन पोषक तत्व

पोषक तत्व	मात्रा
ऊर्जा	लगभग 350–370 किलो कैलोरी
कार्बोहाइड्रेट	65–70 ग्राम
प्रोटीन	13–15 ग्राम
वसा	6–7 ग्राम
आहार रेशा (फाइबर)	6–8 ग्राम
कैल्शियम	150–200 मिलीग्राम
आयरन	7–9 मिलीग्राम
फॉस्फोरस	250–300 मिलीग्राम

4. वृद्धि हेतु जलवायु

राजगीरा (अमरंथ) एक ऐसी फसल है, जो उश्ण एवं अर्ध–उष्णकटिबंधीय जलवायु में अच्छी तरह विकसित होती है। यह फसल विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों के प्रति अनुकूलन की क्षमता रखती है, जिसके कारण इसे वर्षा आधारित तथा सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है। राजगीरा की फसल मध्यम से उच्च तापमान में अच्छी वृद्धि करती है तथा इसमें सूखा सहन करने की क्षमता भी पाई जाती है। राजगीरा की सफल खेती के लिए सामान्यतः 20°C से

35°C तापमान उपयुक्त माना जाता है। इसके अंकुरण के लिए 20–25°C तापमान सर्वोत्तम रहता है, जबकि पौधों की वृद्धि एवं विकास के लिए 25–30°C तापमान अनुकूल होता है। अत्यधिक कम तापमान या पाला इस फसल के लिए हानिकारक होता है, जिससे पौधों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है।

यह फसल सामान्यतः 500 से 1000 मिमी वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों में अच्छी तरह उगाई जा सकती है। हालांकि राजगीरा में सूखा सहन करने की क्षमता होती है, फिर भी इसकी प्रारंभिक वृद्धि तथा पुष्पन अवस्था में पर्याप्त नमी आवश्यक होती है। अत्यधिक वर्षा या जलभराव की स्थिति फसल के लिए हानिकारक होती है, क्योंकि इससे जड़ों का विकास प्रभावित होता है और पौधों में रोग लगने की संभावना बढ़ जाती है। राजगीरा एक प्रकाश प्रिय (light & loving) फसल है, जिसे अच्छी वृद्धि के लिए पर्याप्त धूप की आवश्यकता होती है। छायादार परिस्थितियों में इसकी वृद्धि एवं उत्पादन प्रभावित हो सकता है। यह फसल कम अवधि की होती है और सामान्यतः 90 से 120 दिनों में तैयार हो जाती है, जो प्रजाति एवं जलवायु पर निर्भर करता है। भारत में राजगीरा की खेती मुख्य रूप से खरीफ मौसम में की जाती है, जब मानसून के दौरान पर्याप्त नमी उपलब्ध रहती है। कुछ क्षेत्रों में इसे रबी मौसम में भी उगाया जाता है, जहाँ तापमान एवं नमी की अनुकूल परिस्थितियाँ उपलब्ध होती हैं।

5. मृदा

राजगीरा (अमरंथ) की खेती विभिन्न प्रकार की मृदाओं में सफलतापूर्वक की जा सकती है, क्योंकि यह फसल प्रतिकूल परिस्थितियों को सहन करने की क्षमता रखती है। फिर भी अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए अच्छी जल निकास वाली उपजाऊ मृदा सर्वोत्तम मानी जाती है। राजगीरा की जड़ प्रणाली अच्छी तरह विकसित होती है, जिससे यह हल्की से मध्यम बनावट वाली मिट्टियों में बेहतर वृद्धि करता है। राजगीरा की सफल खेती के लिए दोमट तथा बलुई दोमट मृदा सबसे उपयुक्त मानी जाती है। इन मृदाओं में जल निकास अच्छा होता है तथा पौधों की जड़ों को पर्याप्त वायु एवं नमी मिलती है, जिससे पौधों की वृद्धि और विकास सुचारू रूप से होता है। इसके अतिरिक्त, यह फसल हल्की काली मिट्टी में भी उगाई जा सकती है, बशर्ते उसमें जल निकास की उचित व्यवस्था हो।

यह फसल अपेक्षाकृत कम उपजाऊ भूमि में भी उगाई जा सकती है, इसलिए इसे वर्षा आधारित एवं सीमांत क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक उगाया जाता है। हालांकि अत्यधिक भारी, चिकनी तथा जलभराव वाली मृदाएँ राजगीरा की खेती के लिए उपयुक्त नहीं होती हैं, क्योंकि जलभराव की स्थिति में जड़ें सड़ सकती हैं तथा पौधों की वृद्धि बाधित हो जाती है। राजगीरा की खेती के लिए मृदा का pH मान

लगभग 6.0 से 7.5 के बीच उपयुक्त माना जाता है। इस pH सीमा में पौधों को आवश्यक पोषक तत्व आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं, जिससे फसल की वृद्धि और उत्पादन बेहतर होता है। खेत की तैयारी करते समय मृदा को भुरभुरी एवं खरपतवार रहित बनाना आवश्यक होता है। अच्छी तरह जुताई करने से मृदा की संरचना सुधरती है और पौधों के अंकुरण तथा जड़ों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्राप्त होता है।

6. उन्नत किस्में

राजगीरा (अमरंथ) की अधिक उपज प्राप्त करने के लिए उन्नत एवं क्षेत्र के अनुकूल किस्मों का चयन करना अत्यंत आवश्यक होता है। वैज्ञानिकों द्वारा विकसित उन्नत किस्में अधिक उत्पादन देने के साथ–साथ रोगों एवं प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति अपेक्षाकृत सहनशील होती हैं। इन किस्मों के उपयोग से फसल की उत्पादकता में वृद्धि होती है तथा किसानों को अधिक लाभ प्राप्त होता है। भारत में राजगीरा की कई उन्नत किस्में विकसित की गई हैं, जिनका उपयोग विभिन्न राज्यों में सफलतापूर्वक किया जा रहा है। कुछ किस्में दाना उत्पादन के लिए उपयुक्त होती हैं, जबकि कुछ पत्तेदार सब्जी के रूप में उपयोग के लिए अधिक उपयुक्त होती हैं।

प्रमुख उन्नत किस्में:

1. **आरएमए–7 (RMA–7):** यह एक उन्नत दाना किस्म है, जो अच्छी उपज देने वाली तथा विभिन्न परिस्थितियों में अनुकूलन क्षमता रखने वाली है।
2. **आरएमए –8 (RMA–8):** यह किस्म मध्यम अवधि में तैयार होती है तथा इसके दाने अच्छी गुणवत्ता के होते हैं।
3. **आरएमए –9 (RMA–9):** यह अधिक उत्पादन देने वाली किस्म है तथा सूखा सहन करने की क्षमता रखती है।
4. **गौरा (GAURA):** यह एक लोकप्रिय किस्म है, जो उत्तरी भारत के क्षेत्रों में अधिक उगाई जाती है तथा इसकी उपज अच्छी होती है।
5. **अन्नपूर्णा (ANNAPURNA):** यह किस्म उच्च उत्पादन देने वाली तथा अनुकूल परिस्थितियों में अच्छी वृद्धि करने वाली है।
6. **सुवर्णा (SUVARNAA):** यह किस्म मध्यम अवधि की होती है तथा इसके दाने पौष्टिक एवं उच्च गुणवत्ता के होते हैं।
7. **पीआरए –1 (PRA–1):** यह किस्म विभिन्न क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है तथा स्थिर उत्पादन देती है।

7. बुवाई का समय

राजगीरा (अमरंथ) की फसल का उत्पादन काफी हद तक बुवाई के समय पर निर्भर करता है। समय पर बुवाई करने से बीजों का अंकुरण अच्छा होता है, पौधों की वृद्धि संतुलित रहती है तथा अधिक उपज प्राप्त होती है। विलंब से की गई बुवाई से पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है और उत्पादन में कमी आ सकती है। राजगीरा की बुवाई मुख्य रूप से खरीफ मौसम में की जाती है। सामान्यतः इसकी बुवाई जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई के मध्य तक करना उपयुक्त माना जाता है, जब मानसून की वर्षा प्रारंभ हो जाती है और मिट्टी में पर्याप्त नमी उपलब्ध रहती है। वर्षा आधारित क्षेत्रों में किसान पहली या दूसरी अच्छी वर्षा के बाद बुवाई करना उचित समझते हैं, जिससे अंकुरण अच्छा होता है और पौधों की प्रारंभिक वृद्धि बेहतर रहती है।

जिन क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होती है, वहाँ राजगीरा की बुवाई मई के अंत से जून के प्रारंभ तक भी की जा सकती है। इससे फसल का विकास जल्दी होता है तथा समय पर कटाई संभव हो पाती है। कुछ क्षेत्रों में, विशेषकर पहाड़ी या ठंडे क्षेत्रों में, राजगीरा की बुवाई रबी मौसम में भी की जाती है, जहाँ तापमान एवं नमी की अनुकूल परिस्थितियाँ उपलब्ध होती हैं। समय पर बुवाई करने से फसल की विभिन्न अवस्थाएँ जैसे अंकुरण, पुष्पन एवं दाना भरने की प्रक्रिया अनुकूल जलवायु परिस्थितियों में पूर्ण होती हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है। इसके विपरीत, देर से बुवाई करने पर फसल को प्रतिकूल तापमान, नमी की कमी या कीट एवं रोगों के अधिक प्रकोप का सामना करना पड़ सकता है।

8. सिंचाई

राजगीरा (अमरंथ) की फसल सामान्यतः वर्षा आधारित परिस्थितियों में उगाई जाती है और इसमें सूखा सहन करने की अच्छी क्षमता होती है। इसलिए अधिकांश क्षेत्रों में इस फसल को अतिरिक्त सिंचाई की आवश्यकता कम पड़ती है। यदि वर्षा समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में होती रहे, तो फसल का विकास सामान्य रूप से होता रहता है। फिर भी, जिन क्षेत्रों में वर्षा की कमी हो या लंबे समय तक वर्शा न हो, वहाँ फसल की अच्छी वृद्धि एवं अधिक उत्पादन के लिए सिंचाई करना आवश्यक हो जाता है। विशेष रूप से फसल की अंकुरण अवस्था, प्रारंभिक वृद्धि अवस्था, पुष्पन (फूल आने) की अवस्था तथा दाना भरने की अवस्था में पर्याप्त नमी की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है। इन अवस्थाओं में नमी की कमी होने पर पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है तथा दानों का विकास ठीक से नहीं हो पाता।

सिंचित क्षेत्रों में सामान्यतः राजगीरा की फसल को 2–3 हल्की सिंचाइयाँ देना पर्याप्त होता है। पहली सिंचाई बुवाई के तुरंत बाद या अंकुरण के समय, दूसरी सिंचाई 20–25 दिन बाद तथा तीसरी सिंचाई पुष्पन या दाना भरने की अवस्था में

दी जा सकती है। हल्की एवं समय पर सिंचाई करने से पौधों की वृद्धि अच्छी होती है और उत्पादन में वृद्धि होती है। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि राजगीरा की फसल जलभराव को सहन नहीं कर पाती। खेत में पानी का ठहराव होने से जड़ों में सड़न हो सकती है तथा पौधों की वृद्धि रुक जाती है। इसलिए खेत में अच्छी जल निकास व्यवस्था होना अत्यंत आवश्यक है।

9. पोषक तत्व एवं उर्वरक प्रबंधन

राजगीरा (अमरंथ) की फसल सामान्यतः कम उपजाऊ भूमि में भी उगाई जा सकती है, फिर भी अधिक उत्पादन एवं बेहतर गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए संतुलित पोषक तत्वों का प्रयोग आवश्यक होता है। उचित उर्वरक प्रबंधन से पौधों की वृद्धि सुदृढ़ होती है, पत्तियों एवं दानों का विकास बेहतर होता है तथा कुल उत्पादकता में वृद्धि होती है। सबसे पहले खेत की तैयारी के समय अच्छी तरह सड़ी हुई गोबर की खाद या कम्पोस्ट का प्रयोग करना चाहिए। सामान्यतः 5–10 टन प्रति हेक्टेयर की दर से गोबर की खाद अंतिम जुताई के समय खेत में मिला देनी चाहिए। इससे मृदा की उर्वरता, संरचना एवं जलधारण क्षमता में सुधार होता है तथा सूक्ष्म जीवों की क्रियाशीलता बढ़ती है।

रासायनिक उर्वरकों के रूप में राजगीरा की फसल के लिए सामान्यतः नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं पोटाश का संतुलित उपयोग करना चाहिए। सामान्य अनुशंसित मात्रा निम्न प्रकार है–

- **नाइट्रोजन :** 40–60 किग्रा प्रति हेक्टेयर
- **फॉस्फोरस :** 20–30 किग्रा प्रति हेक्टेयर
- **पोटाश :** 20–30 किग्रा प्रति हेक्टेयर

इन उर्वरकों में से फॉस्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा तथा नाइट्रोजन की आधी मात्रा बुवाई के समय खेत में मिला देनी चाहिए। शेष आधी नाइट्रोजन को फसल की 25–30 दिन की अवस्था पर टॉप ड्रेसिंग के रूप में देना चाहिए, जिससे पौधों की वृद्धि में तेजी आती है। यदि मृदा में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी हो, तो जिंक सल्फेट का प्रयोग भी लाभकारी होता है। इसके अतिरिक्त, जैव उर्वरकों जैसे अजोटोबैक्टर या पीएसबी (Phosphate Solubilizing Bacteria) का उपयोग करने से पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है और मृदा की उर्वरता में सुधार होता है। उर्वरकों का प्रयोग हमेशा मृदा परीक्षण के आधार पर करना अधिक लाभकारी होता है, क्योंकि इससे आवश्यकतानुसार सही मात्रा में पोशक तत्व उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

10. खरपतवार प्रबंधन

राजगीरा (अमरंथ) की फसल में खरपतवार एक महत्वपूर्ण समस्या के रूप में उभर सकते हैं, विशेषकर फसल की प्रारंभिक अवस्था में। खरपतवार फसल के साथ पोषक तत्वों, नमी, प्रकाश एवं स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिससे पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है तथा उपज में कमी आ सकती है। इसलिए समय पर एवं प्रभावी खरपतवार नियंत्रण अत्यंत आवश्यक होता है। राजगीरा की फसल में प्रारंभिक 20 से 40 दिन खरपतवार नियंत्रण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इस अवधि में यदि खरपतवारों को नियंत्रित नहीं किया जाए, तो वे तेजी से बढ़कर फसल को नुकसान पहुँचा सकते हैं। इसलिए इस समय विशेष ध्यान देना आवश्यक होता है।

खरपतवार नियंत्रण के लिए सामान्यतः दो बार निराई–गुड़ाई करना उपयुक्त रहता हैः

- पहली निराईः बुवाई के 20–25 दिन बाद
- दूसरी निराईः 35–40 दिन बाद

इससे खेत में उगने वाले खरपतवार नष्ट हो जाते हैं और पौधों को पर्याप्त पोषक तत्व एवं नमी प्राप्त होती है, जिससे उनकी वृद्धि बेहतर होती है। जहाँ श्रमिकों की कमी हो या खरपतवारों का प्रकोप अधिक हो, वहाँ रासायनिक विधि का भी उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए बुवाई के तुरंत बाद प्री–इमर्जेन्स शाकनाशी पेंडिमेथालिन का प्रयोग लगभग 0.75–1.0 किलोग्राम सक्रिय तत्व प्रति हेक्टेयर की दर से किया जा सकता है। यह प्रारंभिक अवस्था में खरपतवारों की वृद्धि को नियंत्रित करने में सहायक होता है।

इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक विधियाँ भी खरपतवार नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जैसे–

- समय पर बुवाई करना
- उचित पौध दूरी बनाए रखना
- स्वच्छ एवं प्रमाणित बीज का उपयोग करना
- खेत की नियमित निगरानी करना

11. फसल सुरक्षा

(1) कीट एवं उनका विस्तृत प्रबंधन

1. माहू

यह छोटे, नरम शरीर वाले कीट होते हैं, जो पत्तियों एवं कोमल भागों से रस चूसते हैं। इनके प्रकोप से पत्तियाँ मुड़ जाती हैं, पीली पड़ जाती हैं तथा पौधों

की वृद्धि रुक जाती है। ये कीट मधुरस स्रावित करते हैं, जिससे कालिख भी विकसित हो सकती है।

प्रबंधनः

- संतुलित नाइट्रोजन उर्वरक का प्रयोग करें (अधिक न दें)।
- पीले चिपचिपे ट्रैप (Yellow sticky traps) का उपयोग करें।
- प्राकृतिक शत्रुओं (लेडीबर्ड बीटल आदि) को संरक्षण दें।
- नीम आधारित कीटनाशक (नीम तेल 2–3:) का छिड़काव करें।
- अधिक प्रकोप होने पर इमिडाक्लोप्रिड 0.3 मि.ली./लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

2. पत्ती खाने वाले कीट

ये कीट पत्तियों को खाकर छिद्र बना देते हैं, जिससे प्रकाश संश्लेषण क्रिया प्रभावित होती है। अधिक प्रकोप होने पर पौधे कमजोर हो जाते हैं।

प्रबंधनः

- प्रारंभिक अवस्था में अंडों एवं सूंडियों को हाथ से नष्ट करें।
- खेत की नियमित निगरानी करें।
- प्रकाश प्रपंच का उपयोग करें।
- आवश्यकता होने पर स्पिनोसैड या क्विनालफॉस का छिड़काव करें।

3. तना छेदक

इस कीट की सूंडी तने में प्रवेश कर अंदर के भाग को खाती है, जिससे पौधे का ऊपरी भाग सूख सकता है और वृद्धि रुक जाती है।

प्रबंधनः

- समय पर बुवाई करें।
- फसल अवशेषों को नष्ट करें।
- प्रभावित पौधों को उखाड़कर नष्ट करें।
- क्लोरपायरीफॉस 20 EC का छिड़काव अनुशंसित मात्रा में करें।

4. थ्रिप्स

ये कीट पत्तियों की ऊपरी सतह को खुरचकर रस चूसते हैं, जिससे पत्तियाँ चांदी जैसी दिखाई देती हैं और सूखने लगती हैं।

प्रबंधनः

- खेत में नमी बनाए रखें।
- नीम आधारित उत्पादों का छिड़काव करें।
- अधिक प्रकोप पर फिप्रोनिल का प्रयोग करें।

(2) रोग एवं उनका विस्तृत प्रबंधन

1. पत्ती धब्बा रोग

यह रोग फफूंद के कारण होता है, जिसमें पत्तियों पर छोटे–छोटे भूरे या काले धब्बे बन जाते हैं। अधिक प्रकोप होने पर पत्तियाँ सूख जाती हैं।

प्रबंधनः

- रोगमुक्त बीज का प्रयोग करें।
- फसल चक्र अपनाएँ।
- संतुलित उर्वरक प्रयोग करें।
- मैंकोजेब 0.25ः का छिड़काव करें।

2. रस्ट रोग

इस रोग में पत्तियों की निचली सतह पर जंग जैसे भूरे धब्बे दिखाई देते हैं। अधिक प्रकोप होने पर पत्तियाँ पीली होकर झड़ जाती हैं।

प्रबंधनः

- उचित दूरी पर बुवाई करें।
- संक्रमित पत्तियों को नश्ट करें।
- हेक्साकोनाजोल या प्रोपिकोनाजोल का छिड़काव करें।

3. जड़ सड़न

यह रोग जलभराव की स्थिति में अधिक होता है, जिससे जड़ें सड़ जाती हैं और पौधे मुरझा जाते हैं।

प्रबंधनः

- खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था रखें।
- बीज को कार्बेन्डाजिम से उपचारित करें।
- संतुलित सिंचाई करें।

4. डाउनी मिल्ड्यू

इस रोग में पत्तियों के नीचे फफूंदीय वृद्धि दिखाई देती है तथा पत्तियाँ पीली पड़ जाती हैं।

प्रबंधनः

- रोग प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें।
- खेत में उचित वायु संचार बनाए रखें।
- मेटालेक्सिल युक्त फफूंदनाशी का छिड़काव करें।

12. उपज

राजगीरा (अमरंथ) की फसल की उपज अनेक कारकों पर निर्भर करती है, जैसे–किस्म का चयन, जलवायु, मृदा की उर्वरता, बुवाई का समय, उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई तथा कीट एवं रोग नियंत्रण। यदि फसल का समुचित प्रबंधन किया जाए, तो यह कम अवधि में अच्छी उपज देने वाली लाभदायक फसल सिद्ध होती है। राजगीरा की फसल सामान्यतः 90–120 दिनों में पककर तैयार हो जाती है। जब पौधों की बालियाँ पूरी तरह विकसित हो जाएँ और दाने कठोर होकर हल्के रंग के दिखाई देने लगें, तब फसल कटाई के लिए तैयार मानी जाती है।

औसत उपज

- दाना उपजः 10–15 क्विंटल प्रति हेक्टेयर
- हरी पत्तियाँ (यदि सब्जी के रूप में उपयोग): 80–100 क्विंटल प्रति हेक्टेयर
- सूखी जीवांश (भूसा/चारा): 20–30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर

उन्नत किस्मों एवं वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाने पर यह उपज और अधिक (15–20 क्विंटल/हेक्टेयर तक) प्राप्त की जा सकती है।

कटाई एवं मड़ाई

- फसल को दरांती से काटा जाता है।
- कटाई के बाद फसल को 4–5 दिनों तक धूप में सुखाया जाता है।
- इसके बाद मड़ाई (थ्रेशिंग) द्वारा दाने अलग किए जाते हैं।
- दानों को साफ करके अच्छी तरह सुखाकर भंडारण किया जाता है।

उपज बढ़ाने के उपाय

- उन्नत एवं प्रमाणित किस्मों का चयन करें।
- समय पर बुवाई एवं उचित दूरी बनाए रखें।

- संतुलित उर्वरक एवं सिंचाई प्रबंधन अपनाएँ।
- खरपतवार, कीट एवं रोगों का समय पर नियंत्रण करें।
- मृदा परीक्षण के आधार पर पोषक तत्वों का उपयोग करें।

13. प्रसंस्कृत उत्पाद / मूल्य संवर्धन

राजगीरा (अमरंथ) एक अत्यंत पौष्टिक एवं बहुउपयोगी फसल है, जिसके दाने एवं पत्तियों का उपयोग विभिन्न प्रकार के प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्माण में किया जाता है। मूल्य संवर्धन के माध्यम से न केवल इसके उत्पादों की विविधता बढ़ाई जा सकती है, बल्कि किसानों एवं उद्यमियों की आय में भी वृद्धि की जा सकती है। राजगीरा के दाने प्रोटीन, खनिज, कैल्शियम एवं आयरन से भरपूर होते हैं, इसलिए इनके प्रसंस्करण से बने उत्पाद स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं तथा बाजार में इनकी मांग भी अधिक रहती है।

प्रमुख प्रसंस्कृत उत्पाद

1. राजगीरा लड्डू : राजगीरा के दानों को भूनकर गुड़ या चीनी के साथ मिलाकर लड्डू बनाए जाते हैं। यह एक लोकप्रिय एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ है, विशेषकर व्रत (उपवास) के समय उपयोग किया जाता है।

2. राजगीरा आटा : राजगीरा के दानों को पीसकर आटा तैयार किया जाता है। इस आटे से रोटी, पूरी, पराठा एवं अन्य खाद्य पदार्थ बनाए जाते हैं। यह ग्लूटेन–फ्री होने के कारण स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है।

3. पॉप्ड राजगीरा : राजगीरा के दानों को भूनकर फुलाया जाता है, जिसे 'रामदाना' कहा जाता है। इसका उपयोग लड्डू, चिवड़ा एवं अन्य स्नैक्स बनाने में किया जाता है।

4. बिस्किट एवं बेकरी उत्पादः राजगीरा के आटे का उपयोग बिस्किट, केक, कुकीज एवं अन्य बेकरी उत्पादों के निर्माण में किया जाता है। यह उत्पाद पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं में लोकप्रिय हैं।

5. तैयार स्नैक्स : राजगीरा से नमकीन, चिप्स, पफ्स एवं अन्य रेडी–टू–ईट उत्पाद तैयार किए जाते हैं, जो बाजार में उच्च मूल्य पर बिकते हैं।

मूल्य संवर्धन के लाभ

- उत्पादों की गुणवत्ता एवं उपयोगिता में वृद्धि होती है।
- किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होता है।

- रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं।
- बाजार में उत्पादों की मांग एवं प्रतिस्पर्धा बढ़ती है।

मूल्य संवर्धन हेतु सुझाव

- स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण कच्चे माल का उपयोग करें।
- प्रसंस्करण के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।
- आकर्षक पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग करें।
- बाजार की मांग के अनुसार उत्पादों का चयन करें।

अध्याय १३

ज्वार (सोरघम)

1. परिचय

ज्वार (सोरघम) भारत की प्रमुख खाद्यान्न एवं चारा फसलों में से एक है, जिसे प्राचीन काल से ही मानव आहार तथा पशु आहार के रूप में उपयोग किया जाता रहा है। यह एक बहुउद्देशीय फसल है, जिसका उपयोग अनाज, हरा चारा, सूखा चारा तथा औद्योगिक कच्चे माल के रूप में किया जाता है। ज्वार विशेष रूप से शुष्क एवं अर्ध–शुष्क क्षेत्रों में उगाई जाने वाली फसल है, क्योंकि इसमें सूखा सहन करने की अत्यधिक क्षमता होती है। यही कारण है कि यह फसल सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों एवं छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। ज्वार की फसल कम वर्षा, उच्च तापमान तथा प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है। यह एक मध्यम अवधि की फसल है, जो सामान्यतः 100–120 दिनों में तैयार हो जाती है। ज्वार का पौधा मजबूत एवं ऊँचा होता है तथा इसकी जड़ प्रणाली गहरी होती है, जिससे यह भूमि से नमी एवं पोशक तत्वों का कुशलतापूर्वक उपयोग कर पाता है। इस फसल में सूखा सहन करने की विशेष क्षमता होने के कारण इसे "कठोर फसल" भी कहा जाता है।

भारत में ज्वार की खेती मुख्य रूप से महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में की जाती है। यह फसल खरीफ मौसम में अधिक उगाई जाती है, जबकि कुछ क्षेत्रों में रबी ज्वार की भी खेती की जाती है। ज्वार का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख खाद्यान्न के रूप में किया जाता है, जहाँ इससे रोटी, भाकरी तथा अन्य पारंपरिक व्यंजन तैयार किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त ज्वार का उपयोग पशु चारे के रूप में भी व्यापक रूप से किया जाता है। पोषण की दृष्टि से ज्वार एक महत्वपूर्ण अनाज है, जिसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, आहार रेशा (फाइबर), विटामिन तथा खनिज तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें ग्लूटेन नहीं पाया जाता, इसलिए यह ग्लूटेन–फ्री आहार के रूप में भी उपयोगी है। ज्वार का ग्लाइसेमिक इंडेक्स अपेक्षाकृत कम होता है, जिससे यह मधुमेह रोगियों के लिए लाभकारी माना जाता है। वर्तमान समय में स्वास्थ्य के

प्रति बढ़ती जागरूकता तथा संतुलित आहार की आवश्यकता के कारण ज्वार एवं अन्य मिलेट्स का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 को "अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष" के रूप में मनाए जाने से भी ज्वार जैसे लघु अनाजों के प्रति लोगों की रुचि में वृद्धि हुई है।

2. वानस्पतिक नाम, स्थानीय नाम एवं कुल (फैमिली)

ज्वार (सोरघम) घास कुल की एक महत्वपूर्ण अनाज फसल है, जिसका पौधा आकार में ऊँचा, मजबूत तथा बहुउपयोगी होता है। यह फसल मुख्य रूप से अनाज एवं चारा दोनों के रूप में उपयोग की जाती है। ज्वार का जीवन चक्र अपेक्षाकृत मध्यम अवधि का होता है तथा यह विभिन्न प्रकार की जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलन करने की क्षमता रखती है।

वानस्पतिक वर्गीकरण :

- वानस्पतिक नाम : *Sorghum bicolor*
- कुल : *Poaceae* (घास कुल)
- वंश : *Sorghum*
- जाति : *bicolor*

ज्वार का पौधा सामान्यतः 1 से 3 मीटर तक ऊँचा होता है। इसका तना मोटा, ठोस तथा गांठदार (नोड्स युक्त) होता है, जो पौधे को मजबूती प्रदान करता है। इसकी पत्तियाँ लंबी, चौड़ी एवं हरी होती हैं, जो प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ज्वार के पौधे की जड़ प्रणाली गहरी एवं सशक्त होती है, जिससे यह मृदा की गहराई से नमी एवं पोषक तत्वों को अवशोषित कर सकता है। ज्वार का पुष्पक्रम "पैनिकल" प्रकार का होता है, जो पौधे के शीर्ष पर विकसित होता है। इस पैनिकल में अनेक छोटे–छोटे दाने लगे होते हैं, जो परिपक्व होने पर कठोर एवं विभिन्न रंगों (सफेद, पीला, लाल या भूरा) के हो सकते हैं। दानों का आकार गोल या अंडाकार होता है।

स्थानीय नाम :

भारत के विभिन्न राज्यों में ज्वार को अलग–अलग नामों से जाना जाता है, जैसे

- हिंदीः ज्वार
- अंग्रेजीः *Sorghum*
- संस्कृतः यवनाल
- मराठीः ज्वारी
- कन्नड़ः जोला

- तेलुगुः जोन्नालु
- तमिलः चोलम
- मलयालमः चोलम

3. पोषण मूल्य

ज्वार (सोरघम) एक अत्यंत पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक अनाज है, जो मानव आहार में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत होने के साथ–साथ अनेक आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है। ज्वार में मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, आहार रेशा (डाइटरी फाइबर), विटामिन तथा खनिज तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के समुचित विकास एवं क्रियाओं के लिए आवश्यक होते हैं। ज्वार में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा अधिक होती है, जिससे यह शरीर को पर्याप्त ऊर्जा प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त इसमें प्रोटीन भी उचित मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर के ऊतकों के निर्माण एवं मरम्मत में सहायक होता है। ज्वार में आहार रेषा (फाइबर) की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा कब्ज जैसी समस्याओं को कम करने में सहायक होता है।

ज्वार में वसा की मात्रा अपेक्षाकृत कम होती है, जिससे यह हल्का एवं सुपाच्य आहार माना जाता है। इसमें आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस एवं पोटेशियम जैसे खनिज तत्व भी पाए जाते हैं, जो रक्त निर्माण, हड्डियों की मजबूती तथा शरीर की विभिन्न जैविक क्रियाओं के लिए आवश्यक होते हैं। इसके अतिरिक्त ज्वार में एंटीऑक्सीडेंट तत्व भी पाए जाते हैं, जो शरीर को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। ज्वार का ग्लाइसेमिक इंडेक्स अपेक्षाकृत कम होता है, जिसके कारण यह रक्त में शर्करा के स्तर को नियंत्रित रखने में सहायक होता है। इसलिए यह मधुमेह रोगियों के लिए उपयुक्त आहार माना जाता है। साथ ही ज्वार में ग्लूटेन नहीं पाया जाता, जिससे यह ग्लूटेन से संवेदनशील व्यक्तियों के लिए एक अच्छा विकल्प है।

प्रति 100 ग्राम ज्वार के दानों में औसतन पोषक तत्वः

पोषक तत्व	मात्रा
ऊर्जा	लगभग 320–330 किलो कैलोरी
कार्बोहाइड्रेट	72–62 ग्राम
प्रोटीन	9–11 ग्राम
वसा	2–3 ग्राम
आहार रेशा (फाइबर)	6–8 ग्राम
कैल्शियम	25 मिलीग्राम
आयरन	4–5 मिलीग्राम
फॉस्फोरस	280–300 मिलीग्राम

4. वृद्धि हेतु जलवायु

ज्वार (सोरघम) एक उष्ण एवं अर्ध–शुष्क जलवायु की फसल है, जो प्रतिकूल पर्यावरणीय परिस्थितियों में भी सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है। यह फसल विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए उपयुक्त मानी जाती है जहाँ वर्षा कम होती है तथा तापमान अपेक्षाकृत अधिक रहता है। ज्वार में सूखा सहन करने की अत्यधिक क्षमता होती है, जिसके कारण इसे शुष्क एवं वर्षा आधारित कृषि प्रणालियों में व्यापक रूप से उगाया जाता है। ज्वार की सफल खेती के लिए 25°C से 32°C तापमान उपयुक्त माना जाता है। बीज के अंकुरण के लिए लगभग 20°C से 25°C तापमान अनुकूल रहता है, जबकि पौधों की वृद्धि एवं विकास के लिए गर्म एवं धूप वाली जलवायु आवश्यक होती है। अत्यधिक ठंड, पाला या 15°C से कम तापमान फसल के लिए हानिकारक होता है, जिससे अंकुरण एवं वृद्धि प्रभावित हो सकती है। ज्वार की फसल सामान्यतः 400 से 800 मिमी वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों में अच्छी तरह उगाई जा सकती है। यह फसल कम वर्षा की स्थिति को भी सहन कर सकती है, परंतु अत्यधिक वर्षा या जलभराव की स्थिति में पौधों की जड़ें प्रभावित होती हैं, जिससे फसल की वृद्धि एवं उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए ज्वार की खेती के लिए अच्छी जल निकास व्यवस्था आवश्यक होती है। यह फसल मुख्य रूप से खरीफ मौसम में उगाई जाती है, जब मानसून के दौरान पर्याप्त नमी उपलब्ध रहती है। कुछ क्षेत्रों में रबी ज्वार की खेती भी की जाती है, जहाँ ठंडे एवं शुष्क मौसम में फसल उगाई जाती है। ज्वार एक मध्यम अवधि की फसल है, जो सामान्यतः 100–120 दिनों में परिपक्व हो जाती है।

5. मृदा

ज्वार (सोरघम) की खेती विभिन्न प्रकार की मृदाओं में की जा सकती है, क्योंकि यह फसल प्रतिकूल परिस्थितियों को सहन करने की क्षमता रखती है। फिर भी अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त मृदा का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। ज्वार की फसल अच्छी जल निकास वाली, उपजाऊ तथा मध्यम से भारी बनावट वाली मृदाओं में बेहतर वृद्धि करती है। ज्वार की सफल खेती के लिए काली मिट्टी (रेगुर मृदा), दोमट तथा बलुई दोमट मृदाएं सर्वोत्तम मानी जाती हैं। विशेष रूप से काली मिट्टी में जल धारण क्षमता अधिक होती है, जिससे फसल को लंबे समय तक नमी उपलब्ध रहती है और सूखे की स्थिति में भी पौधों की वृद्धि प्रभावित नहीं होती। दोमट मृदा में जल निकास अच्छा होने के साथ–साथ पोषक तत्वों की उपलब्धता भी संतुलित रहती है, जिससे पौधों का समुचित विकास होता है। ज्वार की जड़ प्रणाली गहरी एवं सशक्त होती है, जिससे यह मृदा की गहराई से नमी एवं पोषक तत्वों का अवशोषण कर सकती है। यही कारण है कि यह फसल

अपेक्षाकृत कम उपजाऊ भूमि में भी उगाई जा सकती है। फिर भी अत्यधिक क्षारीय, अम्लीय या लवणीय मृदाएं ज्वार की खेती के लिए उपयुक्त नहीं मानी जाती हैं, क्योंकि ऐसी परिस्थितियों में पोषक तत्वों की उपलब्धता प्रभावित होती है। ज्वार की खेती के लिए मृदा का pH मान लगभग 6.0 से 8.0 के बीच उपयुक्त माना जाता है। इस सीमा में पौधों को आवश्यक पोषक तत्व आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं, जिससे फसल की वृद्धि एवं उत्पादन बेहतर होता है। जलभराव वाली मृदाएं ज्वार के लिए हानिकारक होती हैं, क्योंकि इससे जड़ों का विकास बाधित होता है और पौधे पीले पड़ने लगते हैं।

6. उन्नत किस्में

ज्वार (सोरघम) की अधिक उपज प्राप्त करने के लिए उन्नत एवं क्षेत्र के अनुकूल किस्मों का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। वैज्ञानिकों द्वारा समय–समय पर ऐसी उन्नत किस्मों एवं संकर (Hybrid) किस्मों का विकास किया गया है, जो अधिक उत्पादन देने के साथ–साथ सूखा सहनशीलता, रोग एवं कीट प्रतिरोध तथा बेहतर दाना गुणवत्ता जैसी विशेषताओं से युक्त होती हैं। उन्नत किस्मों के उपयोग से फसल की उत्पादकता में वृद्धि होती है तथा किसानों को अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त होता है।

भारत में ज्वार की अनेक उन्नत किस्में विकसित की गई हैं, जो विभिन्न जलवायु एवं मृदा परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त पाई गई हैं। इनमें प्रमुख किस्में निम्नलिखित हैं–

1. **CSV–15 :** यह एक लोकप्रिय उन्नत किस्म है, जो अच्छी उपज देने वाली तथा विभिन्न क्षेत्रों में अनुकूल पाई जाती है। इसके दाने मध्यम आकार के होते हैं तथा यह सूखा सहनशील होती है।
2. **CSV–17:** यह किस्म उच्च उत्पादन क्षमता वाली है तथा वर्षा आधारित क्षेत्रों के लिए उपयुक्त मानी जाती है। इसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अपेक्षाकृत अच्छी होती है।
3. **CSV–20:** यह एक उन्नत किस्म है, जो कम अवधि में तैयार हो जाती है तथा अच्छी गुणवत्ता के दाने उत्पन्न करती है।
4. **CSH–14 (संकर किस्म):** यह एक उच्च उत्पादक संकर किस्म है, जो अच्छी वृद्धि एवं अधिक दाना उत्पादन के लिए जानी जाती है।
5. **CSH–16:** यह संकर किस्म सूखा सहनशील तथा उच्च उत्पादन देने वाली है, जो अर्ध–शुष्क क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है।

6. **M–35–1 (रबी ज्वार):** यह रबी मौसम की एक प्रमुख किस्म है, जो महाराष्ट्र एवं कर्नाटक में व्यापक रूप से उगाई जाती है। इसके दाने उच्च गुणवत्ता वाले होते हैं तथा भाकरी बनाने के लिए उपयुक्त माने जाते हैं।
7. **Phule Revati:** यह एक उन्नत किस्म है, जो रबी मौसम के लिए उपयुक्त है तथा अच्छी उपज देने के लिए जानी जाती है।

प्रमुख किस्मों का सारणीबद्ध विवरणः

क्र.सं.	किस्म	परिपक्वता अवधि (दिन)	उपयुक्त बुवाई समय
1	CSV–15	100–110	जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई
2	CSV –17	105–115	जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई
3	CSV –20	95–105	जून–जुलाई
4	CSH–14	100–110	जून–जुलाई
5	CSH –16	105–115	जून–जुलाई
6	M–35–1	110–120	सितंबर–अक्टूबर (रबी)
7	Phule Revati	110–115	सितंबर–अक्टूबर

7. बुवाई का समय

ज्वार (सोरघम) की सफल खेती के लिए समय पर बुवाई करना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि उचित समय पर बुवाई करने से बीज का अंकुरण अच्छा होता है, पौधों की वृद्धि संतुलित रहती है तथा अधिक उपज प्राप्त होती है। ज्वार की बुवाई मुख्यतः खरीफ, रबी तथा जायद मौसम के अनुसार अलग–अलग समय पर की जाती है। खरीफ ज्वार की बुवाई सामान्यतः वर्षा ऋतु के प्रारंभ के साथ की जाती है। इसके लिए जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई के मध्य तक का समय उपयुक्त माना जाता है, जब मानसून की वर्षा प्रारंभ हो जाती है और मिट्टी में पर्याप्त नमी उपलब्ध रहती है। वर्षा आधारित क्षेत्रों में किसान पहली या दूसरी अच्छी वर्षा के बाद बुवाई करते हैं, जिससे अंकुरण एवं प्रारंभिक वृद्धि बेहतर होती है।

रबी ज्वार की बुवाई मुख्यतः उन क्षेत्रों में की जाती है जहाँ सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होती है। इसके लिए सितंबर के अंतिम सप्ताह से अक्टूबर के मध्य तक का समय उपयुक्त होता है। रबी ज्वार विशेष रूप से महाराष्ट्र, कर्नाटक तथा दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में उगाई जाती है और इसकी गुणवत्ता अच्छी मानी जाती है।

जायद ज्वार की बुवाई कुछ क्षेत्रों में फरवरी से मार्च के बीच की जाती है, जहाँ सिंचाई की पर्याप्त सुविधा होती है। हालांकि इसका क्षेत्रफल अपेक्षाकृत कम होता है। समय पर बुवाई करने से पौधों की वृद्धि संतुलित रहती है, कीट एवं रोगों का प्रकोप कम होता है तथा फसल समय पर पककर तैयार हो जाती है। इसके

विपरीत देर से बुवाई करने पर पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है, दानों का विकास ठीक से नहीं हो पाता और उपज में कमी आ सकती है।

8. सिंचाई

ज्वार (सोरघम) सामान्यतः वर्षा आधारित फसल है और इसकी खेती मुख्य रूप से उन क्षेत्रों में की जाती है जहाँ वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता है। यह फसल कम पानी में भी अच्छी तरह उगने की क्षमता रखती है तथा इसमें सूखा सहन करने की विशेष क्षमता पाई जाती है। इसलिए अधिकांश परिस्थितियों में ज्वार की फसल को अतिरिक्त सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती, विशेषकर खरीफ मौसम में। यदि वर्षा पर्याप्त मात्रा में होती है, तो फसल की वृद्धि सामान्य रूप से होती रहती है। किंतु वर्षा की कमी या लंबे समय तक शुष्क अवस्था रहने पर फसल की अच्छी वृद्धि एवं उत्पादन के लिए 1–2 हल्की सिंचाइयाँ देना लाभकारी होता है। विशेष रूप से ज्वार की कुछ महत्वपूर्ण अवस्थाएँ ऐसी होती हैं, जिन पर नमी की पर्याप्त उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है, जैसे–

- अंकुरण अवस्था
- शाखा निर्माण (टिलरिंग) अवस्था
- पुष्पन (फूल आने) की अवस्था
- दाना भरने की अवस्था

इन अवस्थाओं में यदि मृदा में नमी की कमी हो, तो फसल की वृद्धि एवं दानों का विकास प्रभावित हो सकता है।

जिन क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, वहाँ ज्वार की फसल को आवश्यकता अनुसार 3–4 सिंचाइयाँ दी जा सकती हैं। रबी ज्वार की खेती में सिंचाई का विशेष महत्व होता है, क्योंकि इस मौसम में वर्षा नहीं होती है। रबी ज्वार में सामान्यतः 4–5 सिंचाइयों की आवश्यकता पड़ती है, जिससे पौधों की वृद्धि एवं उत्पादन बेहतर होता है। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि ज्वार की फसल जलभराव को सहन नहीं कर पाती। खेत में पानी का ठहराव होने पर जड़ों का विकास प्रभावित होता है तथा पौधे पीले पड़ने लगते हैं। इसलिए अच्छी जल निकास व्यवस्था होना अत्यंत आवश्यक है।

9. पोषक तत्व एवं उर्वरक प्रबंधन

ज्वार (सोरघम) की फसल से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। यद्यपि यह फसल अपेक्षाकृत कम उपजाऊ भूमि में भी उगाई जा सकती है, फिर भी उचित मात्रा में पोषक तत्वों की उपलब्धता से पौधों की वृद्धि, दाना निर्माण तथा कुल उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

इसलिए जैविक एवं रासायनिक उर्वरकों का संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग करना चाहिए। सबसे पहले खेत की तैयारी के समय अच्छी तरह सड़ी हुई गोबर की खाद या कम्पोस्ट का प्रयोग करना चाहिए। सामान्यतः 8–10 टन गोबर की खाद प्रति हेक्टेयर की दर से अंतिम जुताई के समय खेत में मिला देना चाहिए। इससे मृदा की संरचना, जल धारण क्षमता एवं उर्वरता में सुधार होता है।

रासायनिक उर्वरकों के रूप में ज्वार की फसल के लिए नाइट्रोजन, फॉस्फोरस तथा पोटाश का संतुलित उपयोग आवश्यक होता है। सामान्यतः निम्न उर्वरक मात्रा अनुशंसित मानी जाती है

- नाइट्रोजन : 80–100 किग्रा प्रति हेक्टेयर
- फॉस्फोरस : 40–50 किग्रा प्रति हेक्टेयर
- पोटाश : 40 किग्रा प्रति हेक्टेयर

इन उर्वरकों में से फॉस्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा तथा नाइट्रोजन की आधी मात्रा बुवाई के समय खेत में डालनी चाहिए। नाइट्रोजन की शेष आधी मात्रा फसल की 30–35 दिन की अवस्था पर टॉप ड्रेसिंग के रूप में देना उपयुक्त रहता है। इससे पौधों की वृद्धि बेहतर होती है तथा दानों का विकास अच्छी तरह होता है। जिन क्षेत्रों में मृदा में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी होती है, वहाँ जिंक सल्फेट का प्रयोग 20–25 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से करना लाभकारी होता है। इसके अतिरिक्त सल्फर की कमी होने पर जिप्सम का उपयोग भी किया जा सकता है। उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना सबसे अधिक लाभकारी होता है, क्योंकि इससे मृदा में उपलब्ध पोषक तत्वों के अनुसार संतुलित उर्वरक प्रबंधन किया जा सकता है। जैव उर्वरकों जैसे एजोटोबैक्टर एवं पीएसबी (फॉस्फेट सॉल्युबिलाइजिंग बैक्टीरिया) का उपयोग करने से भी पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है तथा मृदा की उर्वरता में सुधार होता है।

10. खरपतवार प्रबंधन

ज्वार (सोरघम) की फसल में खरपतवार एक गंभीर समस्या के रूप में उभर सकते हैं, विशेषकर फसल की प्रारंभिक अवस्था में। खरपतवार पौधों के साथ पोषक तत्वों, नमी, प्रकाश तथा स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिसके कारण फसल की वषद्धि एवं विकास प्रभावित होता है तथा उपज में कमी आ सकती है। अतः समय पर एवं प्रभावी खरपतवार प्रबंधन अत्यंत आवश्यक होता है। ज्वार की फसल में बुवाई के बाद प्रारंभिक 30–45 दिनों की अवधि खरपतवार नियंत्रण के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस अवधि में यदि खरपतवारों का नियंत्रण नहीं किया जाए, तो वे तेजी से बढ़कर फसल को गंभीर नुकसान पहुँचा सकते हैं।

यांत्रिक एवं सांस्कृतिक विधियाँ

खरपतवार नियंत्रण के लिए सामान्यतः 2–3 बार निराई–गुड़ाई करना उपयुक्त होता है।

- पहली निराई बुवाई के 20–25 दिन बाद
- दूसरी निराई 35–40 दिन बाद
- आवश्यकता होने पर तीसरी निराई भी की जा सकती है

इससे खरपतवार नश्ट हो जाते हैं तथा मिट्टी भुरभुरी हो जाती है, जिससे जड़ों का विकास अच्छा होता है। साथ ही उचित कतार दूरी, समय पर बुवाई तथा साफ बीज का उपयोग करने से भी खरपतवारों की समस्या कम होती है।

रासायनिक विधियाँ

जहाँ श्रमिकों की कमी हो या खरपतवारों का प्रकोप अधिक हो, वहाँ रासायनिक खरपतवारनाशियों का उपयोग किया जा सकता है।

- **प्री–इमर्जेन्स शाकनाशीः** बुवाई के तुरंत बाद पेंडिमेथालिन का प्रयोग लगभग 0.75–1.0 किग्रा सक्रिय तत्व प्रति हेक्टेयर की दर से किया जा सकता है। यह प्रारंभिक अवस्था में खरपतवारों के अंकुरण को नियंत्रित करता है।

11. फसल सुरक्षा

1. कीट एवं उनका प्रबंधन

ज्वार की फसल पर विभिन्न प्रकार के कीट आक्रमण करते हैं, जो फसल की वृद्धि एवं उत्पादन को प्रभावित करते हैं। प्रमुख कीट एवं उनके प्रबंधन निम्नलिखित हैं–

प्रमुख कीट

1. शूट फ्लाई : यह कीट प्रारंभिक अवस्था में पौधों को नुकसान पहुँचाता है, जिससे "डेड हार्ट" (सूखी मध्य कली) की स्थिति बन जाती है।

प्रबंधनः

- समय पर बुवाई करना
- प्रतिरोधी किस्मों का चयन
- बीज उपचार (इमिडाक्लोप्रिड आदि)
- आवश्यकता पड़ने पर कीटनाशी का छिड़काव

2. तना छेदक : इस कीट के लार्वा तनों में छेद कर अंदर से नुकसान पहुँचाते हैं।

प्रबंधनः

- प्रभावित पौधों को नष्ट करना

- फेरोमोन ट्रैप का उपयोग
- क्लोरपाइरीफॉस/कार्बोफ्यूरान का उपयोग

3. एफिड : ये कीट पत्तियों का रस चूसते हैं, जिससे पत्तियाँ पीली पड़ जाती हैं और वृद्धि रुक जाती है।

प्रबंधनः

- नीम आधारित कीटनाशियों का उपयोग
- आवश्यकता होने पर डायमेथोएट का छिड़काव

समन्वित कीट प्रबंधन

- संतुलित उर्वरक उपयोग
- खेत की साफ–सफाई
- जैविक नियंत्रण (परजीवी/परभक्षी)
- आवश्यकता अनुसार रासायनिक नियंत्रण

2. रोग एवं उनका प्रबंधन

ज्वार की फसल विभिन्न फफूंदजनित एवं जीवाणुजनित रोगों से प्रभावित होती है, जिससे उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों प्रभावित होते हैं।

प्रमुख रोग

1. दाना फफूंदी : यह रोग दानों पर फफूंद के रूप में दिखाई देता है, जिससे दानों की गुणवत्ता खराब हो जाती है।

प्रबंधनः

- प्रतिरोधी किस्मों का चयन
- समय पर कटाई
- उचित भंडारण

2. डाउनी मिल्ड्यू : इस रोग में पत्तियों पर पीले धब्बे दिखाई देते हैं तथा नीचे की सतह पर फफूंद विकसित होती है।

प्रबंधनः

- रोगमुक्त बीज का उपयोग
- बीज उपचार (मेटालाक्सिल आदि)
- संक्रमित पौधों को हटाना

3. पत्ती झुलसा : पत्तियों पर भूरे धब्बे बन जाते हैं, जिससे प्रकाश संश्लेषण प्रभावित होता है।

प्रबंधनः

- फसल चक्र अपनाना
- संतुलित उर्वरक प्रबंधन
- आवश्यकता होने पर फफूंदनाशी (मैनकोजेब आदि) का छिड़काव

समन्वित रोग प्रबंधन

- स्वस्थ एवं प्रमाणित बीज का उपयोग
- बीज उपचार अनिवार्य रूप से करना
- उचित फसल चक्र अपनाना
- खेत में जल निकास की व्यवस्था बनाए रखना
- समय–समय पर फसल का निरीक्षण

12. उपज

ज्वार (सोरघम) की उपज विभिन्न कारकों जैसे उन्नत किस्म, जलवायु, मृदा उर्वरता, सिंचाई, उर्वरक प्रबंधन तथा फसल सुरक्षा उपायों पर निर्भर करती है। यदि वैज्ञानिक एवं उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाया जाए, तो ज्वार की फसल से संतोषजनक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। सामान्यतः ज्वार की अनाज उपज 20–30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक प्राप्त होती है। उन्नत किस्मों तथा अच्छी कृषि तकनीकों के उपयोग से यह उपज 35–40 क्विंटल प्रति हेक्टेयर या इससे अधिक भी प्राप्त की जा सकती है। वहीं वर्षा आधारित एवं कम संसाधनों वाली परिस्थितियों में उपज अपेक्षाकृत कम (10–15 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) हो सकती है। ज्वार एक महत्वपूर्ण द्वि–उद्देश्यीय फसल है, जिससे अनाज के साथ–साथ चारा भी प्राप्त होता है। ज्वार की हरी चारा उपज सामान्यतः 300–400 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक होती है, जबकि सूखे चारे (भूसा) की उपज भी पर्याप्त मात्रा में प्राप्त होती है, जो पशुओं के लिए उपयोगी होती है। रबी ज्वार की उपज सामान्यतः खरीफ ज्वार की तुलना में अधिक स्थिर एवं गुणवत्ता में बेहतर होती है, क्योंकि इस मौसम में कीट एवं रोगों का प्रकोप अपेक्षाकृत कम होता है।

उच्च उपज प्राप्त करने के लिए निम्न बिंदुओं का ध्यान रखना आवश्यक है–

- उन्नत एवं प्रमाणित बीज का चयन
- समय पर बुवाई
- संतुलित उर्वरक प्रबंधन

- उचित सिंचाई व्यवस्था
- खरपतवार, कीट एवं रोग नियंत्रण

13. प्रसंस्कृत उत्पाद / मूल्य संवर्धन

ज्वार (सोरघम) एक बहुउपयोगी अनाज फसल है, जिसका उपयोग केवल कच्चे अनाज के रूप में ही नहीं बल्कि विभिन्न प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्माण में भी किया जाता है। आधुनिक समय में ज्वार को पोषक एवं ग्लूटेन–फ्री अनाज के रूप में विशेष महत्व प्राप्त हो रहा है, जिससे इसके मूल्य संवर्धन की संभावनाएँ बढ़ी हैं।

प्रमुख प्रसंस्कृत उत्पाद

1. आटा एवं रोटी उत्पादः ज्वार का आटा बनाकर रोटी, भाकरी एवं अन्य पारंपरिक खाद्य पदार्थ तैयार किए जाते हैं। यह पचने में हल्का तथा पोषक तत्वों से भरपूर होता है।

2. दलिया एवं पोरिज : ज्वार से दलिया तैयार किया जाता है, जो पौष्टिक नाश्ते के रूप में उपयोगी होता है। यह विशेष रूप से बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए लाभकारी है।

3. पॉप्ड ज्वार : ज्वार के दानों को भूनकर या फुलाकर स्नैक्स के रूप में उपयोग किया जाता है, जो हल्का एवं स्वास्थ्यवर्धक होता है।

4. बेकरी उत्पादः ज्वार के आटे का उपयोग बिस्कुट, केक, ब्रेड आदि बनाने में किया जा रहा है। यह ग्लूटेन–फ्री उत्पादों के लिए एक अच्छा विकल्प है।

5. पेय पदार्थ : कुछ क्षेत्रों में ज्वार से पारंपरिक पेय पदार्थ एवं आधुनिक हेल्थ ड्रिंक्स भी तैयार किए जाते हैं।

6. पशु आहार : ज्वार के दाने एवं भूसा दोनों ही पशु आहार के रूप में उपयोग किए जाते हैं, जिससे इसका आर्थिक महत्व बढ़ जाता है।

मूल्य संवर्धन का महत्व

- किसानों को अधिक लाभ एवं आय में वृद्धि
- उत्पादों की बाजार में मांग बढ़ना
- रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होना
- पोषण सुरक्षा को बढ़ावा मिलना

आज के समय में ज्वार आधारित उत्पादों की मांग स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण तेजी से बढ़ रही है। यदि उचित प्रसंस्करण एवं विपणन तकनीकों को अपनाया जाए, तो ज्वार से जुड़े उद्यमों को सफलतापूर्वक विकसित किया जा सकता है।